YouTube AJJ KA MUDDA

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र

Website : www.aajkamudda.com
Email:muddaaajka@gmail.com

# आज का मुद्दा

नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

नजर आपकी खबर आपकी



वर्ष : 14 अंक 341 नोएडा गौतमबुद्धनगर, बुधवार 25 दिसंबर 2024 RNI-No. UPHIN/2011/37197 पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया



# उत्तराखंड से कश्मीर घाटी तक हर तरफ बर्फ की सफेदी

**दिख रहे हैं खूबसूरत नजारे, लोग उठा रहे मौसम का लुत्फ**

**देहरादून (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश से लेकर उत्तराखंड की पहाड़ियों तक बर्फबारी है। साल के आखिरी महीने में भारी बर्फबारी चिंता का विषय तो है ही लेकिन पर्यटकों के लिए आनंद लेने की वजह भी बन गया है।

- **हिमाचल प्रदेश में तीन नेशनल और कई स्टेट हाईवे हैं बंद**

जम्मू कश्मीर में भी हर तरफ बर्फ की सफेदी छाई हुई है। अटल टनल के रास्ते से लेकर मनाली तक पहुंचना भी आसान नजर नहीं आ रहा है। जानकारी के मुताबिक अटल टनल के रास्ते में एक हजार से ज्यादा गाड़ियां फंस गई थीं। जिसके बाद प्रशासन ने मोर्चा संभाला और लोगों को सहयोग दिया। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाके सबसे ज्यादा शीत लहर की चपेट में हैं। हिमाचल प्रदेश में, ऊंचाई वाले आदिवासी इलाकों और पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले 24 घंटे में हिमाचल प्रदेश के 124 स्टेट और तीन नेशनल हाइवे बंद हो गए हैं। इनमें नेशनल हाइवे (एनएच 3) नेशनल हाइवे (एनएच 305) और नेशनल हाइवे (एनएच 505) हैं। हिमाचल प्रदेश के निचले पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। स्थानीय मौसम विभाग ने बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर और मंडी जिलों में सोमवार से चार दिनों के लिए कड़ाके की ठंड का 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश के अटल टनल में 1000 से ज्यादा गाड़ियां फंस गई हैं, इस वजह से लंबा ट्रैफिक जाम लगा चुका है।



## संक्षिप्त समाचार

### केरल में फूड पॉइजनिंग से 75 कैडेट पड़े बीमार

- विरोध प्रदर्शन के बाद बंद किया गया एनसीसी कैंप



**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के एर्नाकुलम जिले में चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर के शिविर को बंद कर दिया गया है। फूड पॉइजनिंग की चपेट में आए 75 कैडेट को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बड़ी संख्या में कैडेट के बीमार पड़ने पर अभिभावकों का रोष भी सामने आया है। उन्होंने कॉलेज प्रशासन के सामने पर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने इस लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय करने की मांग की। एर्नाकुलम जिले के केएमएम कॉलेज में 21 केरल बटालियन कैंप आयोजित किया गया था। बड़ी संख्या में कैडेट के बीमार होने पर प्रशासन ने जांच शुरू की है।

### आंबेडकर और संविधान पर एएपी-बीजेपी पार्षदों में भिड़ंत

**चंडीगढ़ नगर निगम की बैठक में जमकर हुई हाथापाई**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और संविधान पर सियासी लड़ाई ने अब हिंसक रूप अख्तियार कर लिया है। चंडीगढ़ नगर निगम की मीटिंग के दौरान इस मुद्दे पर कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी पार्टी के पार्षद आपस में भिड़ गए। उनके बीच हाथापाई की भी खबर है। इसकी शुरुआत तब हुई, जब कांग्रेस और आप के पार्षदों ने आंबेडकर के खिलाफ कथित टिप्पणी के विरोध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ एक प्रस्ताव के जरिए उनसे इस्तीफे की मांग की। भाजपा के पार्षदों ने इसका पुरजोर विरोध किया लेकिन धीरे-धीरे यह विरोध हिंसक हो गया और पार्षद आपस में ही उलझ पड़े। हाथापाई की ये घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### मानवाधिकार आयोग में नियुक्तियां पहले से तय थीं

- कांग्रेस बोली-सरकार ने न तो बातचीत की, न ही रायशुमारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस वी रामासुब्रमण्यन को सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष नियुक्त किया। अब कांग्रेस ने उनकी नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस की ओर से जारी किए गए नोट में कहा गया है कि एनएचआरसी के चेरयपर्सन की सिलेक्शन कमेटी में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भी थे, लेकिन उनकी राय को गंभीरता से नहीं लिया गया। कांग्रेस ने कहा कि चयन समिति की बैठक हुई थी, लेकिन यह पहले से निर्धारित एक्सरसाइज थी।

**सुखबीर बादल हमला**

## सांसद हरसिमरत को पंजाब पुलिस पर नहीं रहा भरोसा

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब के बठिंडा से सांसद व बादल परिवार की बहू हरसिमरत कौर ने पति सुखबीर बादल पर हुए हमले को लेकर गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने इस मामले की उच्च-स्तरीय कमेटी से जांच करवाने की मांग रखी है। इतना ही नहीं, सुखबीर सिंह बादल ने भी उनकी जान बचाने वाले एएसआई जसबीर सिंह और एएसआई हीरा सिंह के लिए राष्ट्रपति पुलिस मेडल की मांग की है। शिरोमणि अकाली दल की तरफ से सांझा की गई जानकारी के अनुसार पार्टी ने सुखबीर सिंह बादल की सिफारिश का समर्थन किया है। इस सिफारिश में सुखबीर बादल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से एएसआई जसबीर सिंह और एएसआई हीरा सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित करने का अनुरोध किया है।



## बाबा साहेब अंबेडकर की घोर विरोधी कांग्रेस अब बाबा साहेब के नाम पर हक मांगने का ढोंग कर रही है : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**गुरुग्राम, 25 दिसंबर।(शशि किरण अरोड़ा) – आज का मुद्दा** –हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को गुरुग्राम में कांग्रेस पार्टी पर जमकर गरजे। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा बाबा साहेब अंबडेकर के विरोध में रही है और आज अचानक कांग्रेस बाबा साहेब अंबेडकर के नाम पर हक मांगने का ढोंग कर रही है। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का हमेशा अपमान किया, मजाक उड़ाया और उन्हें लज्जित किया। सीएम सैनी ने कहा कि पंडित नेहरू द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के प्रति किए गए अपमान के लिए कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेताओं को पूरे देश से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।



गुरुग्राम में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी कोई व्यक्ति मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देता है, तो सदन में उसे बोलने का मौका दिया जाता है, लेकिन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के इस्तीफे के बाद सदन में कांग्रेस ने बोलने तक नहीं दिया था। बाबा साहेब अंबेडकर ने अपने त्याग पत्र में पंडित नेहरू के खिलाफ बहुत कुछ लिखा है। बाबा साहेब ने लिखा था कि वित्त और उद्योग क्षेत्र में पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी पंडित नेहरू ने मुझे उससे जुड़ा एक भी विभाग नहीं दिया और एक भी संसदीय कमेटी का हिस्सा नहीं बनाया गया। बाबा साहेब ने लिखा था मुझे कानून मंत्रालय दिया तो गया, मगर ईमानदारी से काम नहीं करने दिया गया। पंडित नेहरू ने हिंदू कोड बिल के कार्य को पूरा नहीं करने दिया गया।

सीएम सैनी ने कहा कि बाबा साहेब ने अपने त्याग पत्र में लिखा था कि कांग्रेस ने केवल मुसलमानों की चिंता की, लेकिन एससी और एसटी को उचित संरक्षण प्रदान नहीं किया। पंडित नेहरू व कांग्रेस का सारा ध्यान मुस्लिम समुदाय के प्रति समर्पित रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उसने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के त्यागपत्र को जनता के सामने क्यों नहीं आने दिया? अगर बाबा साहेब का त्यागपत्र सामने आता, तो पंडित जवाहरलाल नेहरू की पगड़ी उछल जाती।

## किम जोंग उन के देश में पाकिस्तान और भारत में छिड़ी रेस!

**पीएम मोदी के उत्तर कोरिया प्लान से पाकिस्तानी एक्सपर्ट भी हैरान**

**प्योंगयांग (एजेंसी)।** दुनिया का ध्यान जब मध्य पूर्व और यूरोप में युद्धों को लेकर पश्चिम की तरफ केंद्रित है, उस समय भारत ने पूर्व की ओर अपना फोकस किया है। नई दिल्ली ने अपनी एक्ट ईस्ट नीति

- **मोदी सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के तहत होगी राजनयिक उपस्थिति**

के तहत कोरियाई प्रायद्वीप में सावधानी के साथ काम शुरू किया है। इसी के तहत साढ़े तीन से साल के बाद भारत ने उत्तर कोरिया में अपनी राजनयिक उपस्थिति को बहाल करने जा रहा है। कोविड महामारी के दौरान जुलाई 2021 में भारतीय दूतावास ने अपने दरवाजे बंद कर दिए थे। अब भारत ने अपनी एक राजनयिक टीम को प्योंगयांग भेजा है, जो मिशन को फिर से चालू करने पर काम कर रही है। दिलचस्प बात ये है कि भारत के साथ ही उसका प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान भी उत्तर कोरिया में अपना असर बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। उत्तर कोरिया के साथ पाकिस्तान के रक्षा संबंध हैं। पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम को मजबूत करने में उत्तर कोरिया ने इस्लामाबाद की मदद की है। पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी एक्सपर्ट साजिद तरार ने उत्तर कोरिया को लेकर भारत के कदम को बहुत ही स्मार्ट मूव बताया है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे समय में उत्तर कोरिया में दूतावास को फिर से चालू करने जा रहा है, जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी हो रही है। यहां ये ध्यान रखना जरूरी है कि ट्रंप ने पिछले कार्यकाल के दौरान उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन से मुलाकात की थी। ट्रंप ने रूस के साथ भी रिश्ते ठीक करने के संकेत दिए हैं, जो उत्तर कोरिया का बहुत अहम सहयोगी होने के साथ ही भारत का भी दोस्त है। उत्तर कोरिया की राजधानी में करीब 24 देशों के दूतावास मौजूद हैं। इन सभी दूतावासों को एक विशेष कैंपस के अंदर स्थापित किया गया है। केवल तीन देश हैं जिनके दूतावास कैंपस के बाहर स्थापित हैं, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है। अन्य दो देश रूस और चीन हैं। खास बात यह है कि प्योंगयांग में रहने वाले दूसरे देशों के राजनयिकों को लोगों से सामान्य रूप से मेल-जोल बढ़ाने की इजाजत नहीं होती है। राजधानी से बाहर जाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है।



## एमपी की राजधानी भोपाल के जहांगीराबाद में बवाल

**पथराव और तलवारबाजी के बीच दो पक्षों में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात**

**भोपाल (एजेंसी)।** राजधानी के जहांगीराबाद इलाके की पुरानी गल्ला मंडी में मंगलवार को दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों ओर से जमकर पथराव किया गया। भीड़ में कुछ लोग तलवारें और डंडे लेकर घूम रहे थे। इस घटना में लगभग छह लोग घायल बताए जा रहे हैं। एक महिला को भीड़ ने डंडे से बुरी तरह पीटा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। यह पूरा बवाल दो दिन पहले हुई एक मारपीट की घटना से जुड़ा है। जहांगीराबाद थाना प्रभारी आशीष उपाध्याय के अनुसार, दो दिन पहले कुछ युवकों के बीच मारपीट हुई थी। उसी मामले को लेकर मंगलवार सुबह एक पक्ष के लोग इकट्ठा हुए और दूसरे पक्ष के घरों पर पथराव शुरू कर दिया। इससे इलाके में दहशत फैल गई। पथराव की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। यह पूरा मामला जहांगीराबाद थाना क्षेत्र का है। डीसीपी जोन 1, प्रियंका शुक्ला ने बताया कि दो दिन पहले तेज बाइक चलाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी। इनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि दो फरार थे। मंगलवार को इन्हीं फरार आरोपियों को लेकर फिर से झगड़ा बढ़ गया।



## चुनाव नियमों में बदलाव को अब सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**कांग्रेस ने याचिका लगाई, केंद्र ने पोलिंग बूथ के फुटेज सार्वजनिक करने से किया था इनकार**


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने मंगलवार को चुनाव से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स पब्लिक करने से रोकने के नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेब कास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव नियमों में बदलाव किया था। याचिका पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- चुनाव आयोग को ऐसे महत्वपूर्ण कानून (चुनाव संचालन नियम, 1961) में एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नियमों में बदलाव के बाद 21 दिसंबर को भी उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग पारदर्शिता से इतना डरता क्यों है। आयोग के इस कदम को जल्द ही कानूनी चुनौती दी जाएगी। इस मामले में अधिकारियों ने बताया था कि एआई के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। बदलाव के बाद भी ये कैंडीडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। वहीं, कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर चुनावी प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा खत्म करने का और पारदर्शिता कमजोर करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि मोदी सरकार ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर हमला किया है। खड़गे ने 22 दिसंबर को एक्स पर लिखा था- पहले मोदी सरकार ने सीजेआई को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाले पैनल से हटा दिया था और अब वे चुनावी जानकारी को जनता से छिपाना चाह रहे हैं। यह सरकार की सोची-समझी साजिश है।




## पीलीभीत एनकाउंटर का महाकुंभ में लेंगे बदला

- खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दी सीएम योगी को धमकी

**पीलीभीत (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में एक दिन पहले 3 खालिस्तानी आतंकियों के एनकाउंटर के बाद अब अमेरिका में बैठे खलिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने योगी सरकार को बदला लेने की धमकी दी है। पन्नू ने प्रयागराज में आगामी महाकुंभ मेले में इसका बदला लेने का ऐलान किया है। उसने मृतकों के परिजन को 5 लाख की मदद के साथ ही अलग खालिस्तान बनाने का राग भी अलापा है। प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी करते हुए जहर उगला है। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और पंजाब के सीएम भगवंत मान पर खुलेआम निशाना साधा है। उसने कहा है कि यह महाकुंभ 2025 इस हिंदुत्व का आखिरी महाकुंभ कर देंगे। पन्नू ने वीडियो जारी कर धमकी दी है। वह कहता है- वाहेगुरु जी दा खालसा, वाहेगुरु जी दी फतेह! पन्नू ने महाकुंभ में तीन तारीखों पर बदला लेने की धमकी दी है।






# महान राष्ट्र-सपूतों में अग्रणी थे अटल बिहारी वाजपेयी



ललित गर्ग

तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल विहारी वाजपेयी ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय विदेश मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया।



भारतीय राजनीति का महानायक, भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता, भारत रत्न, प्रखर कवि, वक्ता और पत्रकार श्री अटल विहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसंबर को भारत सरकार प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। इस वर्ष हम उनका 100वां जन्मोत्सव मना रहे हैं, जिन्होंने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, विचारक एवं समाज सुधारक एवं राष्ट्र-निमार्ता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हुए थे। अटलजी यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये भारत के निमार्ता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं।

तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल विहारी वाजपेयी ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय विदेश मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। पिछले कई दशकों में वह एक ऐसे नेता के रूप में उभरे जो विश्व के प्रति उदारवादी सोच और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते हैं। वे ऐसे भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं जिस देश की सभ्यता का इतिहास 5000 साल पुराना है और जो अगले हजार वर्षों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है।

विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे। वाजपेयीजी बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी प्रभावित थे और उन्होंने कहा था कि अटलजी एक दिन भारत के प्रधानमंत्री जरूर बनेंगे। आज भारतीय जनता पार्टी की मजबूती का जो धरातल बना है, वह उन्हीं की देन है। वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक हैं। 1977 में जनता पार्टी सरकार में उन्हें विदेश मंत्री बनाया गया। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिवेशन में उन्होंने हिंदी में भाषण दिया और वे इसे अपने जीवन का सबसे सुखद क्षण बताते थे। वे संसद में बहुत प्रभावशाली वक्ता के रूप में जाने जाते रहे हैं और महत्वपूर्ण मुद्दे पर उनके भाषण खासे गौर से सुने जाते रहे हैं, जो भारत के संसदीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है।

उत्तर प्रदेश में आगरा जनपद के प्राचीन स्थान बटेश्वर के मूल निवासी पण्डित कृष्ण बिहारी वाजपेयी मध्य प्रदेश की ग्वालियर रियासत में अध्यापक थे। वहीं शिन्दे की छावनी में 25 दिसंबर 1924 को ब्रह्ममुहूर्त में उनकी सहधर्मिणी कृष्णा वाजपेयी की कोख से अटलजी का जन्म हुआ था। महात्मा रामचन्द्र वीर द्वारा रचित अमर कृति 'विजय पताका' पढ़कर अटलजी के जीवन की दिशा ही बदल गयी। छात्र जीवन से वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने और तभी से राष्ट्रीय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे। डॉ॰ श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के निर्देशन में राजनीति का पाठ तो पढ़ा ही, साथ-साथ पाञ्चजन्य, राष्ट्रधर्म, दैनिक स्वदेश और वीर अर्जुन जैसे पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादन का कार्य भी कुशलतापूर्वक करते रहे। अटलजी ने किशोर वय में ही एक अद्भुत कविता लिखी थी-हिन्दू तन-मन हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय, जिससे यह पता चलता है कि बचपन से ही उनका रुझान देश हित, राष्ट्रीयता एवं हिन्दुत्व की तरफ था। राजनीति के साथ-साथ समष्टि एवं राष्ट्र के प्रति उनकी वैयक्तिक संवेदनशीलता, जिजीविषा, व्यापक दृष्टि आद्योपान्त प्रकट होती ही रही है। उनके संघर्षमय जीवन, परिवर्तनशील परिस्थितियाँ, राष्ट्रव्यापी आन्दोलन, जेल-जीवन आदि अनेक आयामों के प्रभाव एवं अनुभूति से जुड़े विचार उनके काव्य में सदैव ही दिखाई देते थे।

अटल विहारी वाजपेयी 16 मई 1996 को पहली बार प्रधानमंत्री बने, लेकिन लोकसभा में बहुमत साबित न कर पाने की वजह से 31 मई 1996 को उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। इसके बाद 1998 तक वे लोकसभा में विपक्ष के नेता रहे। 1999 में हुए चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साझा घोषणापत्र पर लड़े गए और इन चुनावों में वाजपेयी के नेतृत्व को एक प्रमुख मुद्दा बनाया गया। गठबंधन को बहुमत हासिल हुआ और वाजपेयी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली। एनडीए का नेतृत्व करते हुए मार्च 1998 से मई 2004 तक, छह साल भारत के प्रधानमंत्री रहे। इस दौरान उनकी सरकार ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में पाँच भूमिगत परमाणु परीक्षण विस्फोट करके भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देश घोषित कर दिया। इस कदम से उन्होंने भारत को निर्विवाद रूप से विश्व मानचित्र पर एक सुदृढ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया। यह सब इतनी गोपनीयता से किया गया कि अति विकसित जासूसी उपग्रहों व तकनीकी से संपन्न पश्चिमी देशों को इसकी भनक तक नहीं लगी। यही नहीं इसके बाद पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर अनेक प्रतिबंध लगाए गए लेकिन वाजपेयी सरकार ने सबका दृढ़तापूर्वक सामना करते हुए आर्थिक विकास की ऊचाइयों को छुआ। वाजपेयीजी ने पडौसी देश पाकिस्तान के साथ रिश्तों को सौहार्दपूर्ण बनाने की दृष्टि से भी अनेक उपक्रम किये। 19 फरवरी 1999 को सदा-ए-सरहद नाम से दिल्ली से लाहौर तक बस सेवा शुरू की गई। कुछ ही समय पश्चात् पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ की शह पर पाकिस्तानी सेना व उग्रवादियों ने कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ करके कई पहाड़ी चोटियों पर कब्जा कर लिया। अटल सरकार ने पाकिस्तान की सीमा का उल्लंघन न करने की अंतर्राष्ट्रीय सलाह का सम्मान करते हुए धैर्यपूर्वक किंतु ठोस कार्यवाही करके भारतीय क्षेत्र को मुक्त कराया।

अटल विहारी वाजपेयी चाहे प्रधानमन्त्री के पद पर रहे हों या नेता प्रतिपक्ष- बेशक देश की बात हो या क्रान्तिकारियों की, या फिर उनकी अपनी ही कविताओं की, नपी-तुली और बेवाक टिप्पणी करने में अटलजी कभी नहीं चूके। भारत को लेकर उनकी स्वतंत्र सोच एवं दृष्टि रही है-ऐसा भारत जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। उनकी कविता जंग का ऐलान है, पराजय की प्रस्तावना नहीं। वह हारे हुए सिपाही का नैराश्य-निनाद नहीं, जूझते योद्धा का जय-संकल्प है। वह निराशा का स्वर नहीं, आत्मविश्वास का जयघोष है। उन्होंने विज्ञान की शक्ति को बढ़ावा देने के लिए लाल बहादुर शास्त्री के नारे 'जय जवान जय किसान' में बदलाव किया और 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' का नारा दिया। वे जितने कद्दावर के राजनीतिज्ञ थे उतने ही गहन आध्यात्मिक भी थे। उन्होंने राजनीतिक समस्याओं के अतिरिक्त धार्मिक तथा सांस्कृतिक विषयों पर भी साधिकार कलम चलाई, एक नई दृष्टि एवं दिशा दी। इस दृष्टि से वे एक महान राष्ट्रनायक, साहित्यकार, विचारक, महामनीषी एवं चिन्तक थे।

इस शताब्दी के भारत के 'महान सपूतों' की सूची में कुछ नाम हैं जो अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। अटल विहारी वाजपेयी का नाम प्रथम पंक्ति में होगा। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे वाजपेयीजी से मिलने के अनेक अवसर मिले, रायसीना हिल पर अणुव्रत आन्दोलन एवं आचार्य तुलसी के कार्यक्रमों के सिलसिले में अनेक बार मिला। प्रधानमंत्री रहते 7 रेडक्रोस रोड पर तीन-चार मुलाकातें हुई। एक बार उनके जन्म दिन पर कृष्णा मेनन मार्ग पर भी उनके दर्शनों का दुर्लभ अवसर मिला। उनमें गजब का अल्हड़पन एवं फक्कड़पन था। वे हमेशा बेपरवाह और निश्चिन्त दिखाई पड़ते थे, प्रायः लोगों से घिरे रहते थे और हंसते-हंसाते रहते थे। उनके जीवन के सारे सिद्धांत मानवीयता एवं राष्ट्रीयता की गहराई ये जुड़े थे और उस पर वे अटल भी रहते थे। किन्तु किसी भी प्रकार की रूढ़ि या पूर्वाग्रह उन्हें छू तक नहीं पाता। वे हर प्रकार से मुक्त स्वभाव के थे और यह मुक्त स्वरूप भीतर की मुक्ति का प्रकट रूप है।

भारतीय राजनीति की बड़ी विडम्बना रही है कि आदर्श की बात सबकी जुबान पर है, पर मन में नहीं। उड़ने के लिए आकाश दिखाते हैं पर खड़े होने के लिए जमीन नहीं। दर्पण आज भी सच बोलता है पर सबने मुखौटे लगा रखे हैं। ऐसी निराशा, गिरावट व अनिश्चितता की स्थिति में वाजपेयीजी ने राष्ट्रीय चरित्र, उन्नत जीवन शैली और स्वस्थ राजनीति प्रणाली के लिए बराबर प्रयास किया। वे व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के बदलाव की सोचते रहे, साइनिंग इंडिया- उदय भारत के सपने को आकार देते रहे। उनका समूचा जीवन राष्ट्र को समर्पित एक जीवन यात्रा का नाम है- आशा को अर्थ देने की यात्रा, ढलान से ऊंचाई की यात्रा, गिरावट से उठने की यात्रा, मजबूरी से मनोबल की यात्रा, सीमा से असीम होने की यात्रा, जीवन के चक्रव्यूहों से बाहर निकलने की यात्रा। 100वी जन्म जयन्ती पर मन बार-बार उनकी तड़प को प्रणाम करता है। उस महापुरुष के मनोबल को प्रणाम करता है!

## संपादकीय

### व्यापार और दोस्ती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल सबा के साथ अपनी बैठक को उत्कृष्ट बताया। दोनों नेताओं ने व्यापक चर्चा की और भारत व कुवैत के बीच संबंध रणनीतिक साझेदारी तक विस्तारित हो गए। सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि, फिनटेक, बुनियादी ढ़ांचे और सुरक्षा क्षेत्र में संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। मोदी ने सोशल मीड़िया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, मैं आशावादी हूं कि आने वाले समय में हमारी दोस्ती और भी विकसित होगी। प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर वहां गए थे। जो बीते 43 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। उन्होंने बहुत ही सधे शब्दों में बयान किया, हिन्दुस्तान से यहां आने में चार घंटे लगते हैं मगर प्रधानमंत्री को यहां आने में चार दशक लग गये। कुवैत में दस लाख की आबादी वाला भारतीय समुदाय सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। मोदी ने भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए अमीर के प्रति आभार व्यक्त किया। वे वहां प्रवासियों से भी मिले। यह मोदी का अपना तरीका है। वे अपनी विदेश यात्राओं के दौरान प्रवासी भारतीयों से मिलकर अपनी लोकप्रियता ही नहीं बढ़ाते बल्कि प्रवासियों के विषय में वे खुलकर बात करते हैं और विशाल मंच से भारतीयता तथा देसी यादों का पिटारा भी पेश करने से नहीं चूकते। कुवैत भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चे तेल का आपूर्तिकर्ता है। देश में कुवैत निवेश प्राधिकरण का निवेश दस अरब अमेरिकी ड़ॉलर से अधिक हो चुका है। कुवैत ने व्यापारिक आयात-निर्यात के लिए मुंबई, कोलकाता, पोरबंदर व गोवा में इन व्यापारिक गतिविधियों के मद्देनजर अपने दफ्तर भी बनाए हैं। मोदी ने उन्नीसवीं सदी में कुवैती व्यापारियों के गुजरात आने का जिक्र भी किया। भारत और कुवैत के अरब सागर के दो किनारों पर बसे होने के बावजूद लंबे समय से रोजमर्रा के प्रयोग की चीजों समेत आभूषणों के व्यापार का आदान-प्रदान होता रहा है। मोदी ने अपनी कूटनीति में व्यापक परिवर्तन दशार्ये हैं। चूंकि इस वक्त भारत तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है, इसलिए अपनी गति बनाए रखने के लिहाज से उसे व्यापक परिवेश में सोचना होगा। देश के दीर्घकालिक हितों व विकास के नये तरीकों के प्रति विशेष रुचि रखते हुए हमें सिर्फ उपभोक्ता बने रहने की बजाए निर्यात के मार्ग भी प्रशस्त करने हैं। विश्व के विभिन्न देशों के साथ व्यापारिक संबंध भारत को तेजी से आगे बढ़ता देखने के लिए जरूरी हैं।


## चिंतन-मनन

### ध्यान की तरंग

यहूदियों में एक कथा है कि जब कोई बच्चा पैदा होता है, तो देवता आते हैं और उस बच्चे के सिर पर हाथ फेरते हैं; ताकि वह भूल जाए उस सुख को, जो सुख परमात्मा के घर उसने जाना था, नहीं तो जिंदगी बड़ी कठिन हो जाएगी-दयावश ऐसा करते हैं वे, नहीं तो जिंदगी बड़ी कठिन हो जाएगी। अगर वह सुख याद रहे, तो बड़ी कठिन हो जाएगी जिंदगी, तुलना में। तुम फिर कुछ भी करो, व्यर्थ मालूम पड़ेगा। धन कमाओ, पद कमाओ, सुंदर से सुंदर पत्नी और पति ले आओ, अच्छे से अच्छे बच्चे हों, बड़ा मकान हो, कार हो, कुछ भी सार न मालूम पड़ेगा, अगर वह सुख याद रहे।

तो यहूदी कथा कहती है कि एक देवता उतरता है करूणावश और हर बच्चे के माथे पर सिर्फ हाथ फेर देता है। उस हाथ के फेरते ही पर्दा बंद हो जाता है, उसे भूल जाता है परमात्मा। सुख भूल गया, फिर यह जीवन के दुखों में ही सोचने लगता है, सुख होगा। उस पर्दे को फिर से खोलना है, जो देवताओं ने बंद कर दिया है। मुझे तो नहीं लगता कि कोई देवता बंद करते हैं। देवता ?सी मूढ़ता नहीं कर सकते। लेकिन समाज बंद कर देता है। शायद कहानी उसी की सूचना दे रही है। मां-बाप, परिवार, समाज, स्कूल बंद कर देते हैं, पर्दे को डाल देते हैं। ?सा डाल देते हैं कि तुम भूल ही जाते हो कि यहां द्वार है, तुम समझने लगते हो दीवार है। ध्यान का अर्थ है, इस पर्दे को हटाना। और इसे अनायास होने दो इसे कभी-कभी तुम्हें पकड़ लेने दो- और जब तुम्हें यह तरंग पकड़े, तो लाख काम छोड़कर बैठ जाना।

# शेख हसीना भारत के गले में हड्डी की तरह फंसी



सनत जैन


बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने औपचारिक रूप से शेख हसीना को बांग्लादेश वापस भेजने की मांग भारत सरकार से की है। शेख हसीना पिछले 5 महीने से भारत में हैं। बांग्लादेश में उनकी सरकार के खिलाफ तख्ता पलट हुआ था। उन्हें बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। भारत सरकार ने सुरक्षित रूप से उन्हें बांग्लादेश से निकालकर भारत में शरण दी थी। शेख हसीना भारत में रहकर वर्तमान सरकार के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रही हैं। बांग्लादेश में हसीना के समर्थक आए दिन वहां पर सरकार के लिए चुनौती बन रहे हैं। जिसके कारण बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। पिछले 5 महीने में भारत सरकार और बांग्लादेश सरकार के बीच में तनाव बढ़ता चला जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर लगातार जो हमले हो रहे हैं और मंदिरों को निशाना बना तोड़ा जा रहा है, उसमें मूल कारण शेख हसीना को भारत सरकार द्वारा शरण दिया जाना है। यही नहीं भारत में बैठकर शेख हसीना द्वारा बांग्लादेश में राजनीतिक गतिविधियों को चलाने का विरोध भी बांग्लादेश की जनता कर रही है। इसी कारण वहां की जनता हिंदुओं के खिलाफ खड़ी हो रही है। हाल ही में भारत के विदेश सचिव बांग्लादेश गए थे, लेकिन वह भी कोई सार्थक परिणाम लेकर वापस नहीं लौटे हैं। बांग्लादेश में अडानी द्वारा महंगी बिजली सप्लाई करने का समझौता किया गया है। इसमें कथित तौर पर शेख हसीना द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अडानी का भुगतान रोक दिया है। उसके बाद से भारत सरकार और बांग्लादेश के बीच में लगातार दूरियां बढ़ती चली जा रही है। भारत सरकार और बांग्लादेश के बीच अपराधियों की अदला-बदली को लेकर पहले से ही समझौता है। इसी समझौते के तहत बांग्लादेश शेख हसीना को वापस लौटाने की मांग कर रहा है।

शेख हसीना के ऊपर हत्या, अपहरण और देशद्रोह के लगभग 225 मामले दर्ज हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत सरकार को चेतावनी दी है, कि शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंप दिया जाए। अन्यथा बांग्लादेश, भारत सरकार के साथ संबंधों को लेकर कडा रूख अख्तियार करेगा। शेख हसीना के द्वारा किया गया भ्रष्टाचार और तानाशाही वाले रवैये को लेकर बांग्लादेश में उनके खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। आरोप तो यह भी लगा कि बांग्लादेश के चुनाव में भी उन्होंने भारी गड़बड़ी कर बहुमत हासिल किया था। जिसके कारण जनता में उनके प्रति बहुत नाराजी है। भारत सरकार शेख हसीना को भारत छोड़कर किसी अन्य देश में भेज देती, तो भारत और बांग्ला देश के संबंध इतने ज्यादा नहीं बिगड़ते। बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हमले भी नहीं होते। भारत में जो कुछ मुसलमानो के साथ हो रहा है, वैसी ही प्रतिक्रिया अब बांग्लादेश में हिंदुओं को लेकर हो रही है। इस समय अमेरिका-चीन के रडार पर भारत है। दोनों ही देश भारत को अपने पाले में बनाए रखने के लिए तरह-



तरह की पेंतरेबाजी कर रहे हैं। अमेरिका की निगाह बांग्लादेश के ऊपर है। बांग्लादेश को अमेरिका से जो ताकत मिल रही है। अकारण भारत को उसमें फसना पड़ रहा है। भारत सरकार को चाहिए कि वह शेख हसीना को किसी अन्य राष्ट्र में शरण दिलाने में उनकी मदद करे। भारत से शेख हसीना चली जाएंगी, तो बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में शेख हसीना के कारण भारत सरकार के जो रिश्ते खराब हो रहे हैं, वह सामान्य होना शुरू हो जाएंगे। सरकार को समय रहते हुए सार्थक निर्णय करने की जरूरत है।

# रोशनी, प्रेम और सद्भाव का पर्व है क्रिसमस



अतुल गोयल



'क्रिसमस' पर्व पूरी दुनिया में 25 दिसम्बर को मनाया जाने ईसाई समुदाय का सबसे बड़ा त्यौहार है। यह पर्व वास्तव में केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं है बल्कि इसका एक सांस्कृतिक नजरिया भी है। यह पर्व केवल एक दिन का उत्सव नहीं है बल्कि यह पूरे 12 दिन का पर्व है, जो क्रिसमस की पूर्व संध्या से शुरू हो जाता है। हिन्दुओं में जो महत्व दीवाली का है, मुस्लिमों में जितना महत्व ईद का है, वही महत्व ईसाईयों में क्रिसमस का है। जिस प्रकार हिन्दुओं में दीवाली पर अपने घरों को सजाने की परम्परा है, उसी प्रकार ईसाई समुदाय के लोग क्रिसमस के अवसर पर अपने घरों को सजाते हैं। इस अवसर पर शंकु आकार के विशेष प्रकार के वृक्ष 'क्रिसमस ट्री' को सजाने की तो विशेष महत्ता होती है, जिसे रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।

मान्यता है कि करीब दो हजार वर्ष पूर्व 25 दिसम्बर को ईसा मसीह ने समस्त मानव जाति का कल्याण करने के लिए पृथ्वी पर जन्म लिया था। तब पूरे रोम में धार्मिक आडम्बर चारों ओर फैले थे, रोम शासक यहूदियों पर अत्याचार करते थे, धनाढ़य वर्ग विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत करता था जबकि गरीबों की हालत अत्यंत दयनीय थी। चारों ओर अशांति फैली थी, भाई-भाई का शत्रु बन गया था, धर्मस्थलों के पादरी अथवा पुजारी स्वार्थसिद्धि में लिप्त थे, छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, ऊंच-नीच के बीच भेदभाव की गहरी खाई बन चुकी थी। ऐसे विकट समय में पृथ्वी पर जन्म लिया था यीशु ने। ईसाई धर्म के लोग मानते हैं कि ईसा के जन्म के साथ ही समूचे विश्व में एक नए युग का शुभारंभ हुआ था, यही कारण है कि हजारों वर्ष बाद भी उनके प्रति लोगों का वही उत्साह, वही श्रद्धा बरकरार है और 25 दिसम्बर की मध्य रात्रि को गिरिजाघरों के घड़ियाल बजते ही 'हैप्पी क्रिसमस' के उद्घोष के साथ जनसैलाब उमड़ पड़ता है, लोग एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते हैं और आतिशबाजी भी करते हैं। इस अवसर पर लोग गिरिजाघरों के अलावा अपने घरों में भी खुशी और उल्लास से ऐसे गीत गाते हैं, जिनमें ईसा मसीह द्वारा दिए गए शांति, प्रेम एवं भाईचारे के संदेश की महत्ता स्पष्ट परिलक्षित होती है।

जिन ईसा मसीह की स्मृति में लोग क्रिसमस का त्यौहार मनाते हैं, उनका जन्म अत्यंत विकट परिस्थितियों में हुआ था। दिसम्बर के महीने की हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड में इसराइल के येरूसलम से 8 किलोमीटर दूर बेथलेहम नामक एक छोटे से गांव में आधी रात के वक्त खुले आसमान तले एक अस्तबल में एक गरीब यहूदी यूसुफ की पत्नी मरियम की कोख से जन्मे थे यीशु, जिनके जन्म की सूचना सबसे पहले हेरोद जैसे क्रूर सम्राट को नहीं बल्कि गरीब चरवाहों को मिली थी। माना जाता है कि ये चरवाहे उसी क्षेत्र में अपनी भेड़ों के झुंड के साथ रहा करते थे और जिस रात ईसा ने धरती पर जन्म लिया, उस समय ये लोग खेतों में भेड़ों के झुंड की रखवाली करते हुए आग ताप रहे थे। कहा जाता है कि मरियम जब गर्भवती थी तो एक रात गैबरियल नामक एक देवदूत मरियम के सामने प्रकट हुआ, जिसने मरियम को बताया कि उन्हें ईश्वर के बेटे की मां बनने के लिए चुना गया है। उन दिनों जनगणना का कार्य चल रहा था और तब यह प्रथा थी कि जनगणना के समय पूरा परिवार अपने पूर्वजों के नगर में एकत्रित होता था और वहीं परिवार के सभी सदस्यों का नाम रजिस्टर में दर्ज कराता था।

यूसुफ दाऊद के कुटुम्ब तथा देश का था, इसलिए गर्भवती मरियम को साथ लेकर वह भी नाम लिखवाने अपने पूर्वजों की भूमि बेथलेहम पहुंचा। जनगणना की वजह से बेथलेहम में उस समय बहुत भीड़ थी। वहां पहुंचकर युसूफ ने एक सराय के मालिक से रूकने के लिए जगह मांगी लेकिन सराय में बहुत भीड़ होने के कारण उन्हें जगह नहीं मिली। मरियम को गर्भवती देख सराय के मालिक को उस पर दया आई और उसने उन्हें घोड़ों के अस्तबल में ठहरा दिया। वहीं आधी रात के समय मरियम ने एक अति तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया, जिसका 7 दिन बाद नामकरण संस्कार हुआ। बालक का नाम रखा गया 'जीजस', जिसे यीशु के नाम से भी जाना गया। यहूदियों के इस देश में उस समय रोमन सम्राट हेरोद का शासन था, जो बहुत पापी और अत्याचारी था। हेरोद को जीजस के जन्म की सूचना मिली तो वह बहुत घबराया क्योंकि भविष्यवक्ताओं ने भविष्यवाणी की थी कि यहूदियों का राजा इसी वर्ष पैदा होगा और उसके बाद हेरोद राजा नहीं रह सकेगा। हेरोद ने जीजस की खोज में अपने सैनिकों की टुकड़ियां भेजी लेकिन वे जीजस के बारे में कुछ पता नहीं लगा सके।

घोर गरीबी के कारण जीजस की पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था तो नहीं हो पाई पर उन्हें बाल्यकाल से ही ज्ञान प्राप्त था। गरीबों, दुखियों व रोगियों की सेवा करना उन्हें बहुत अच्छा लगता था। इतना ही नहीं, बड़े-बड़े धार्मिक नेता भी उनके सवाल-जवाबों से अक्सर चकित हो जाते थे। उन दिनों लोग मूर्तिपूजा किया करते थे और सर्वत्र धर्म के नाम पर आडम्बर फैला था। यीशु ने मूर्तिपूजा के स्थान पर एक निराकार ईश्वर की पूजा का मार्ग लोगों को बताया और उन्हें अपने हृदय में आविर्भूत ईश्वरीय ज्ञान का संदेश सुनाया। उनके उपदेशों से प्रभावित होकर उनके शिष्यों की संख्या दिनोंदिन बढ़ने लगी तथा उनकी दयालुता और परोपकारिता की प्रशंसा सर्वत्र फैल गई, जिससे यहूदियों के पुजारी और धर्म गुरू उनके घोर शत्रु बन गए।

एक बार यीशु प्रार्थना कर रहे थे तो उन्हें अपना शत्रु मान चुके यहूदियों के पुजारी व धर्मगुरू उनको पकड़कर ले गए। जब उन्हें न्यायालय में उपस्थित किया गया तो न्यायाधीश ने राजा और धर्मगुरूओं के दबाव में यीशु को प्राणदंड की सजा सुना दी। यहूदियों ने यीशु को कांटों का ताज पहनाया और फटे कपड़े पहनाकर कोड़े मारते हुए उन्हें पूरे नगर में घुमाया। फिर उनके हाथ-पांवों में कीलें ठोंककर उन्हें 'क्रॉस' पर लटका दिया गया लेकिन यह यीशु की महानता ही थी कि इतनी भीषण यातनाएं झेलने के बाद भी उन्होंने ईश्वर से उन लोगों के लिए क्षमायाचना ही की। सूली पर लटके हुए भी उनके मुंह से यही शब्द निकले, 'हे ईश्वर! इन लोगों को माफ करना क्योंकि इन्हें नहीं पता कि ये क्या कर रहे हैं? ये अज्ञानवश ही ऐसा कर रहे हैं।' उसके बाद से ही ईसाई समुदाय द्वारा 25 दिसम्बर अर्थात ईसा मसीह के जन्मदिवस को क्रिसमस के रूप में मनाया जाने लगा।

(लेखक न्यूयॉर्क की कंपनी में सॉफ्टवेयर डवलपमेंट इंजीनियर हैं)

आज का मुद्दा समाचार पत्र का प्रत्येक अंक मां गंगा और सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 62 नोएडा के चरणों में समर्पित : स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक मनोज वत्स द्वारा वत्स ऑफसेट मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित करा कर मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया मुख्य संपादक के.जी.शर्मा RNI.NO.UPHIN/2011/37197, 9310549614
किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

# विधायक और एसडीएम ने संयुक्त रूप से किया गरम कंबलों का वितरण

## कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद





**आज का मुद्दा**
-----------------

आज का मुद्दा ( आशीष कुमार) बुलंदशहर : स्याना में मंगलवार को भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबलों का वितरण किया। कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि आमजन की सेवा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ने कहा सर्दी के मौसम में कई लोग ऐसे हैं जिनके पास गर्म कपड़े नहीं है। ऐसे लोगों की मदद करने के लिए पहले ही रणनीति बना ली गई थी। कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने एसडीएम के साथ संयुक्त रूप से गरम कंबलों का वितरण किया। सर्दी से बचने के लिए **रैन बसेरों की पर्याप्त व्यवस्था मौजूदः एसडीएम**

एसडीएम गजेंद्र सिंह ने कहा सर्दी से लोगों को बचाने के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। रैन बसेरों में लोगों के लिए सुविधा उपलब्ध करा रखी हैं। समय-समय पर रैन बसेरों का निरीक्षण किया जाता है। विकासखंड स्याना सभागार कक्ष में मंगलवार को विधायक और एसडीएम ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में दर्जनों जरुरतमंद लोग गरम कम्बल लेने के लिए पहुंचे। विधायक और एसडीएम ने कहा कि हर जरूरतमंद के पास शासन द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी की टीम कार्य कर रही है।

**500 कंबलों का किया गया वितरण**

ब्लॉक सभागार में हुए कार्यक्रम में 500 गर्म कंबलों का वितरण किया गया। विधायक ने कहा क्षेत्र में जगह-जगह जाकर जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण किया जाएगा। मानव सेवा के लिए आमजन को भी जागरूक किया जा रहा है।आमजन जागरूक होकर जरूरतमंदों को स्वयं भी मदद करने का कार्य करें जो जो मानवता का परिचय देता है कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, एसडीएम गजेंद्र सिंह, तहसीलदार अजय कुमार, मंडल अध्यक्ष संदीप त्यागी, नीरज त्यागी, देवेंद्र प्रधान, नीरज चौधरी आदि भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग के अवर अभियंता को किया निलंबित, मांगी थी दो लाख रुपये की रिश्वत

**आज का मुद्दा-(अंकुरित ओझा) गाजियाबाद।** बिजली चोरी और अनियमितता को रोकने के लिए की गई चेकिंग के दौरान कमी मिलने पर उपभोक्ता पर राजस्व निर्धारित के बजाय दो लाख रुपये की रिश्वत की मांग की गई। इस मामले में आरोपित अवर अभियंता समरजीत को विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता ने सोमवार को निलंबित कर दिया है। विद्युत वितरण मंडल के अधीक्षण अभियंता राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि अवर अभियंता समरजीत ने डासना स्थित उस्मान कॉलोनी में रहने वाले कासिम के घर बिजली चेकिंग की। उन्होंने चेकिंग कि रिपोर्ट पांच दिन बाद 19 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से रूप से प्रेषित की।

20 दिसंबर तक इस प्रकरण को आरएमएस पोर्टल पर दर्ज नहीं किया। जबकि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के स्पष्ट आदेश हैं कि बिजली चोरी व अनियमितता के प्रकरण में 12 घंटे के भीतर आरएमएस पोर्टल पर जानकारी देनी है। इसके बाद तीन दिन के अंदर आरोपित पर राजस्व निर्धारित करना है। ऐसा न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश हैं। अवर अभियंता ने प्रबंध निदेशक के निदेर्शों का उल्लंघन किया। इस मामले में जांच की गई तो दो ऑडियो क्लिप मिली, जिसमें अवर अभियंता समरजीत द्वारा इस मामले का निस्तारण करने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। ऑडियो क्लिप मिलने के बाद इस मामले में अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोमवार को उनको निलंबित कर दिया गया। निलंबन के दौरान वह विद्युत उपकेंद्र डासना देहात से संबद्ध रहेंगे। विद्युत निजीकरण के विरोध बिजली कर्मचारी एक जनवरी 2025 को काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक शेर सिंह त्यागी ने बताया कि यह निर्णय संघर्ष समिति की बैठक में लिया गया है। एक जनवरी को समस्त ऊर्जा निगम के बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी और अभियंता पूरे दिन काली पट्टी बांध कर काम करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि 27 दिसंबर को गोरखपुर, 29 दिसंबर को झांसी और पांच जनवरी को प्रयागराज में बिजलीकर्मियों की पंचायत आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में संघर्ष और विरोध जारी रखने के लिए बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में आलोक त्रिपाठी, अरशद अली, अभिमन्यु, अरुण नागर, ललित, योगेंद्र कुमार, अरविंद सूर्या, पंकज भारद्वाज, वाहिद अली, राज सिंह, धीरज त्यागी, विजय शर्मा आदि बताया कि भ्रामक आंकडे देकर भय का वातावरण बनाकर विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण का निर्णय लिया जा रहा है। निजीकरण के किसी भी स्वरूप को स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक जनवरी को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

# डीएम ने बैलोन माता मंदिर का निरीक्षण करते हुए दर्शन किये





**आज का मुद्दा (आशीष कुमार) बुलंदशहर** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने डिबाई तहसील अंतर्गत बैलोन माता मंदिर का निरीक्षण करते हुए दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओ के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए मंदिर की जमीन के बारे में जानकारी ली। तहसीलदार को निर्देश दिए गए कि मंदिर की जमीन को चिह्नित कराया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी डिबाई कमलेश गोयल, तहसीलदार ज्योत्सना उपस्थित रहे।

## यूपी पुलिस ने एनकाउंटर में दो बदमाश किए ढेर, लखनऊ और गाजीपुर में मारे गए आरोपी

**आज का मुद्दा-(के0जी0 शर्मा) लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक के लॉकर तोड़कर करोड़ों की चोरी करने वाले गैंग के दो बदमाशों का एनकाउंटर हुआ है। लखनऊ और गाजीपुर में हुई अलग-अलग मुठभेड़ में दो आरोपी ढेर हो गए हैं। पहली मुठभेड़ लखनऊ के किसान पथ पर सोबिंद कुमार से हुई थी, जिसमें वो ढेर हो गया। जबकि दूसरा बदमाश और 25 हजार का इनामी सन्नी दयाल गाजीपुर में मारा गया है। सोमवार की देर रात गाजीपुर में यूपी-बिहार बॉर्डर पर यह मुठभेड़ हुई। बदमाश सन्नी दयाल गाजीपुर में बिहार बॉर्डर पर मुठभेड़ में ढेर हुआ है। गहमर थाना इलाके की बारा पुलिस चौकी के पास यह मुठभेड़ हुई। बैंक चोरी के मामले में शामिल सन्नी दयाल की मौत की पुष्टि गाजीपुर के एसपी इरज राजा ने कर दी है।

## दिल्ली की एक ऐसी सीट जहां की कहानी है दिलचस्प, 2008 से नहीं टूटा ये रिकॉर्ड

**आज का मुद्दा-(के0जी0 शर्मा) दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2008 से अभी तक चुनाव परिणाम पर गौर करेंगे, तो आप पाएंगे कि प्रत्येक विधानसभा चुनाव में यहां के मतदाताओं ने एक पार्टी पर लगातार दो बार भरोसा नहीं किया है। मतदाताओं का कुछ इसी तरह का रुझान प्रत्याशियों को विजयी बनाने में भी दिखता है, किसी भी प्रत्याशी को इस सीट पर लगातार दो बार जीत नहीं मिली। केवल मनजिंदर सिंह सिरसा इस सीट से दो बार चुने गए, लेकिन लगातार नहीं। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली यह सीट वर्ष 2008 में अपने वर्तमान स्वरूप में आई।

## विकास खण्ड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**आज का मुद्दा बुलन्दशहर :** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग बुलंदशहर द्वारा आयोजित विकास खण्ड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण स्टेडियम अरनिया में दिनांक- 23 दिसंबर 2024 एवं 24 दिसंबर 2014 में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रमुख क्षेत्र पंचायत अरनिया सुरेन्द्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। विजेताओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। खेल-कूद प्रतियोगिताओं में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में 100े, 200े, 400े, 800े, 1500े, "दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, कबड्डी, कुश्ती, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 100े दौड में जूनियर वर्ग में, मुस्कान, दीपान्शु, सबजूनियर वर्ग में पूजा, मनीष, 200 मी दौड सीनियर वर्ग में देवेश, 400े दौड़ में अनुप, 800 मी० दौड़ में रवि, राधिका, 1500 मी दौड में सीनियर वर्ग में शिवकुमार, जूनियर वर्ग में प्रशान्त लम्बी कूद में सबजूनियर वर्ग में हिमांशु, सीनियर वर्ग में अखिल, जूनियर में जितेन्द्र ऊंची कूद में अर्चना, कृष , डिस्कस थ्रो में तरुण, वॉलीबॉल में सीनियर में रनियावली की टीम, जूनियर में अरनिया की टीम, सब जूनियर में सुरजावली की टीम प्रथम रहे। कबड्डी में सीनियर में ऊँचागाव की टीम, सब जूनियर में देवराला की टीम एवं महिला में देवराला की टीम प्रथम रहे। कुश्ती में शिवम, सुएब, सुशांत, तालिव, सचिन प्रथम रहे। प्रतियोगिता के दौरान खण्ड विकास अधिकारी जसवंत सिंह, संतोष कुमार ADO (ISB), भूपेन्द्र सिंह क्षे० यु० क० अधिकारी, व्रजेश शर्मा, अजयपाल, राहुल कश्यप, अजय देशवाल, नितीश, विनोद कुमार, मयंक निगम आदि उपस्थित रहे।


## डीएम ने डिबाई तहसील का किया औचक निरीक्षण



**आज का मुद्दा (आशीष कुमार)बुलंदशहर :** डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह ने मंगलवार को डिबाई तहसील का औचक निरीक्षण करते हुए तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। आरके पटल का निरीक्षण करते हुए पंजिकाओं का अवलोकन करते हुए तहसील में न्यायालयों से जारी आदेशों को रजिस्टर एवं खतौनी में दर्ज किए जाने का भी सत्यापन किया। निर्देशित किया गया कि उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार कोर्ट से जारी होने वाले आदेश को प्रतिदिन दर्ज किया जाए। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने के लिए प्राप्त हुए आवेदन पत्रों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। नायब तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया गया कि वादों का निस्तारण समयावधि में किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी डिबाई कमलेश गोयल, तहसीलदार श्रीमती ज्योत्सना उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षु सीओ के द्वारा बेहतर शिक्षा, निर्भीक जीवन और अपराध के खिलाफ आवाज बुलंद करने के विचार बहुत ही है प्रेरणादायक

**आज का मुद्दा ( आशीष कुमार) बुलंदशहरः** मंगलवार को शिकारपुर कोतवाली परिसर में प्रशिक्षु सीओ/कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पांडे ने मिशन शक्ति अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम में " जानिए अपने थाने को " राजकीय कन्या इंटर कॉलेज शिकारपुर की छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए जागरूक किया।




प्रशिक्षु सीओ प्रखर पांडे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा" जानिए अपने थाने को ,जानिए थाने की कार्य प्रणाली को, जानिए थाने के अभिलेखों के बारे में तथा थाने की विभिन्न शाखाओं के बारे मे जानकारी दी। छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए मूल मंत्र दिया। उन्होंने छात्रों को आत्मनिर्भर हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्प डैक्स, एंटी रोमियो स्क्वाड,यूपी 112, वूमेन पावर1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम 1930, एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स गुड टच, बेड टच, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।प्रशिक्षु सीओ प्रखर पांडे की नई पहल से छात्राओं के चेहरे पर दिखाई दी खुशी।छात्राओं में पुलिस के प्रति जागरूकता आने के बाद चेहरे पर छाई खुशी की लहर। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को किसी भी तरह की समस्या में तुरंत सहायता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मधुबाला सिंह, शिखा पाठक, मोनिका भारती डोली चौधरी आदि रही। सीओ द्वारा दी गई जानकारी बहुत ही प्रभावशाली है। जिससे भविष्य में देश, समाज और महिला सशक्तिकरण के लिए बेहतर करने की प्रेरणा मिली है गौरी एवं जिया छात्रा।

# कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर पहुंच कर किया धरना प्रदर्शन बाबा साहब का अपमान नहीं होगा बर्दाश्तः ज्ञानेंद्र राघव

### बाबा साहब के सम्मान मार्च में अनूपशहर से जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव ,महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड के साथ हुए जिला मुख्यालय पर कार्यकर्ता व नेता सम्मिलित




**बुलंदशहर :** मंगलवार को शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर देश के सभी जिला मुख्यालय पर संसद में अमित शाह द्वारा बाबा साहब के विरुद्ध की गई अभद्र अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में माफी व इस्तीफा के प्रदर्शन के बाद सभी जिला मुख्यालयों पर बाबा साहब के सम्मान मार्च का आयोजन किया जिसे जिले पर प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी पंकज तेजानियां व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह ने नेतृत्व किया कार्यालय पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गॉड लोकसभा का चुनाव लड़े शिवराम वाल्मीकि जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित सुभाष गांधी यूथ के प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउल रहमान आदि ने भाजपा व देश के गृहमंत्री को बाबा साहब के अपमान करने के साथ-साथ उनकी व भाजपा की आरक्षरण संविधान व लोकतंत्र विरोधी नीति बताते हुए सभी से संविधान की रक्षा व बचाने को संघर्ष कर रहे नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मल्लिकार्जुन खड़गे जी द्वारा सड़क से संसद तक लड़ी जा रही लड़ाई को गांव गांव व प्रत्येक बूथ पर जाकर बाबा साहब के संविधान को बचाने हेतु कार्यकताओं से संघर्ष कर मजबूत करने का आह्वान किया सम्मान मार्च में रविन्द्र प्रधान, सलाम खान, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, आस मोहम्मद कुरैशी, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मुनीर अकबर ,पूर्व मंत्री हर्षवर्धन वाल्मीकि, नरेश वाल्मीकि, युवा जिला अध्यक्ष इसराइल गहलोत सहित कार्यकर्ता व नेता सम्मिलित रहे।

## सर्दी को देखते हुए एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण

**आज का मुद्दा ( आशीष कुमार) बुलंदशहरः** शिकारपुर सोमवार की रात एसडीएम दीपक कुमार ने नगर पालिका द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। सर्दी के मौसम को देखते हुए पशु चिकित्सक को गौवंशों की नियमित जांच के निर्देश दिए हैं।



उसी दौरान गौशाला में तैनात कर्मचारियों को सर्दी के मौसम को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। शिकारपुर अनाज मंडी में नगर पालिका परिषद द्वारा अस्थाई गौशाला संचालन किया जा रहा है। गौशाला में कई दर्जनों गौवंशों को संरक्षित किया गया है। बढ़ती सर्दी के मौसम को देखते हुए सोमवार की रात करीब दस बजे एसडीएम दीपक कुमार पाल ने गौशाला का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने गौशाला में संरक्षित गौवशों का पर्याप्त चारा सहित ठंड से बचाव की व्यवस्था का जायजा लिया। गौशाला में तैनात कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में समय से गोवंशों को चारा खिलाया जाए। सर्दी अधिक होने पर समय-समय पर गौवशों को गुड़ दिया जाए। गोवंश को लेकर कर लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने गौशाला में तैनात कर्मचारियों से पशु चिकित्सक के बारे में जानकारी ली। उसी दौरान उन्होंने पशु चिकित्सक को सर्दी के मौसम को देखते हुए गौवंशों की जांच सहित उपचार के निर्देश दिए हैं। सर्दी के मौसम में गोवंशों का विशेष ख्याल रखा जाए।

# जिलाधिकारी ने रेन बसेरे का किया निरीक्षण, रेन बसेरे ठहरे हुए यात्रियों का जाना हाल




आज का मुददा बुलंदशहर (त्रिलोक चन्द) : सर्दी के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री के निदेर्शों के क्रम में सभी नगर पालिका/नगर पंचायत में कोई भी व्यक्ति खुले में नहीं सो सके इसके लिए रैन बसेरे स्थापित कराए गए हैं। रैन बसेरों में कराई गई व्यवस्थाओं को परखने के लिए जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने रात्रि में बुलंदशहर नगर पालिका द्वारा संचालित काला आम चौराहे पर रैन बसेरा एवं भूतेश्वर मंदिर के समीप बनाए गए 100 व्यक्तियों के लिए निर्मित आश्रय गृह (शेल्टर होम) का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रैन बसेरों में ठहरे लोगों से भी वार्ता करते हुए उनसे उनके गंतव्य के बारे में एवं रैन बसेरे में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। रैन बसेरों में की गई व्यवस्थाओं के बारे में सभी लोगों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। सर्दी से बचाव के लिए हीटर भी लगाया गया है। रैन बसेरे में नियमित साफ सफाई के निर्देश भी दिए। ईओ को निर्देशित किया गया कि आश्रय गृह के बारे में नगर के प्रमुख स्थलों पर प्रचार प्रसार भी कराया जाए जिससे लोगों को जानकारी होने पर वह रात्रि में आकर ठहर सके। इसके साथ ही नगर के प्रमुख स्थलों पर सर्दी से बचाव के लिए अलाव जलाए जाने की व्यवस्था भी की गई है जिसका भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार एवं ईओ को निर्देशित किया गया है कि वह अपने अपने क्षेत्र में रात्रि भ्रमण के दौरान यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में कोई व्यक्ति खुले में नहीं सोने पाए, यदि कोई इस प्रकार का व्यक्ति भ्रमण के दौरान पाया जाए तो उसे रैन बसेरा में भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर नवीन कुमार, ईओ नगर पालिका अश्विनी कुमार कुमार उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**आज का मुद्दा (आशीष कुमार) बुलंदशहर** शिकारपुर सोमवार की रात एसडीएम दीपक कुमार पाल ने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। रैन बसेरा में तैनात कर्मचारियों से व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने



रैन बसेरा के साथ साथ शौचालय की नियमित रूप से साफ सफाई की जाए। शिकारपुर नगर पालिका परिषद द्वारा कस्बा में पालिका कार्यालय में रैन बसेरा का संचालन किया जा रहा है। जिससे सर्दी के मौसम में लोग रैन बसेरा में रुक सकें। संचालित रैन में लोगों के रुकने की पर्याप्त व्यवस्था की जाती है। सोमवार की शाम शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल ने रैन बसेरा का ओचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने रैन बसेरा में पर्याप्त रजाई बिस्तर सहित शौचालय का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम दीपक कुमार पाल ने नगर पालिका परिषद के कर्मचारी को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि रैन बसेरा में आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त सुविधा दी जाए। वहीं रेन बसेरा की नियमित साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बताया रैन बसेरा में कोई भी व्यक्ति निशुल्क रुक सकता है। वहीं निकट में स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था भी है। रेन बसेरा की संचालन के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है। एसडीएम ने रैन बसेरा के साथ-साथ शौचालय की साफ सफाई के निर्देश दिए हैं, उन्होंने कहा रैन बसेरा में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

क्रिसमस एक ऐसा त्यौहार है जिसे शायद दुनिया के सर्वाधिक लोग पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं. आज यह त्यौहार विदेशों में ही नहीं बल्कि भारत में भी समान जोश के साथ मनाया जाता है. भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति के साथ क्रिसमस का त्यौहार भी पूरी तरह घुल-मिल गया है. सदियों से यह त्यौहार लोगों को खुशियां बांटता और प्रेम और सौहार्द की मिसाल कायम करता रहा है.



# क्रिसमस पर्व की खास परंपराएं, जिनके बिना अधूरा है क्रिसमस

**कहते हैं कि यीशु का जन्म 25 दिसंबर 6 ईसा पूर्व हुआ था। इसीलिए हर वर्ष 25 दिसंबर को जीसस क्राइस्ट के जन्म दिवस को क्रिसमस पर्व के रूप में मनाया जाता है। आओ जानते हैं इस त्योहार की 15 खास परंपराएं, जिनके बिना अधूरा है यह फेस्टिवल।**

- **गोशाला** : क्रिसमस के दिन चर्च में ईसा के जन्म की झांकी बनाई जाती है जिसमें गौशाला बनाकर उसमें बालक येशु को मदर मैरी के साथ दर्शाया जाता है।
- **क्रिसमस ट्री** : सदाबहार क्रिसमस वृक्ष डगलस, बालसम या फर का पौधा होता है जिस पर सजावट की जाती है। क्रिसमस ट्री को रिबन, गिफ्ट, घंटी और लाइट्स लगाकर सजाया जाता है।
- **सैंटा क्लॉज** : मान्यता अनुसार सैंटा क्रिसमस के दिन स्वर्ग से आकर बच्चों के लिए टॉफियां, चॉकलेट, फल, खिलौने व अन्य उपहार बांटकर वापस स्वर्ग में चले जाते हैं। सैंटा क्लॉज चौथी शताब्दी में मायरा के निकट एक शहर में जन्मे थे। उनका नाम निकोलस था। अब लोग उन्हीं के भेष में बच्चों को गिफ्ट देते हैं।
- **गिफ्ट देना** : परंपरा से अब सिर्फ सांता ही उपहार नहीं देते हैं बल्कि क्रिसमय पर लोग एक दूसरे को उपहार देते हैं। कई लोग सैंटा का भेष धारण करके बच्चों को टॉफियां, चॉकलेट, फल, खिलौने व अन्य उपहार बांटते हैं।
- **जिंगल बेल** : गिरजाघरों में पारंपरिक तरीके से ईसा मसीह के लिए गाए जा रहे भक्ति गीत के अलावा 'जिंगल बेल्स', 'ओह होली नाइट' और 'सैंटा क्लॉज इज कमिंग टु टाउन' सरीखे गानों से भी माहौल खुशनुमा हो जाता है।
- **क्रिसमस कार्ड** : कहते हैं कि सर्वप्रथम क्रिसमस कार्ड विलियम एंगले द्वारा सन? 1842 में अपने दोस्तों को भेजा था। बाद में यह कार्ड महारानी विक्टोरिया को दिखाया गया। इससे खुश होकर उन्होंने अपने चित्रकार डोबसन को बुलाकर शाही क्रिसमस कार्ड बनवाने के लिए कहा और तब से क्रिसमस कार्ड की शुरुआत हो गई।
- **स्वादिष्ट पकवान** : कई पश्चिम देशों में स्मोक्ड टर्की, फ्रुअ केक, विगिल्ला, जेली पुडिंग, टुररॉन आदि को बनाना पसंद किया जाता है। भारत में भी कई तरह के स्वादिष्ट पकवान बनाए जाते हैं। क्रिसमस पर हर देश में अलग परम्परागत भोजन भी बनता है। कुछ लोग दूध और कुकीज के रुप में सैंटा के लिये भोजन रखते हैं।
- **क्रिसमय पुडिंग** : पुडिंग बनाने की परंपरा 1970 में प्रारंभ हुई। यह आलू बुखारे से दलिया जैसा व्यंजन बनाया जाता है। बाद में मांस, शराब और रोटी मिलाकर पुडिंग बनाने की परंपरा प्रारंभ हुई।
- **रिंगिंग बेल्स** : क्रिसमस के दिन घंटी को बजाने का भी रिवाज है जिसे रिंगिंग बेल कते हैं। यह बेल सदियों में सूर्य के लिए भी बजाई जाती है और खुशियों के लिए भी। मान्यता है कि घर को घंटियों से सजाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है।
- **प्रार्थना** : इस दिन चर्च में विशेष तौर पर सामूहिक प्रार्थना भी की जाती है। इस दिन लोग चर्च जाते हैं और क्रिसमस कैरोल (धार्मिक गीत) गाते हैं।
- **मोजे लटकाना** : संत निकोलस के काल में बच्चे मौजे लटका देते थे ताकि सैंटा उसमें टॉफियां या तोहफे रख सके। हलांकि आज भी कई जगहों पर यह किया जाता है ताकि सैंटा क्लॉज आ सकें और उनमें अपने उपहार डाल सकें।
- **नए वस्त्र** : इस दिन लाल और हरे रंग का अत्यधिक उपयोग होता है क्योंकि लाल रंग जामुन का होता है और यह ईसा मसीह के खून का प्रतीक भी है। इसमें हरा रंग सदाबहार परंपरा का प्रतीक है।
- **पिकनिक** : क्रिसमय की 10 दिन की छुट्टियों के दौरान लोग या तो अपने पैत्रक घर, नाना नानी या दादा दादी के घर जाकर क्रिसमय मनाते हैं। कुछ लोग समुद्र के तट पर जाकर क्रिसमस का आनंद लेते हैं।
- **मोमबत्तियां** : क्रिसमय पर गिरजाघरों में जाकर लोग ईसा मसीह और मदर मैरी की मूर्ति के समक्ष मोमबत्तियां जलाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं। मान्यता है कि अलग-अलग रंगों की मोमबत्तियां जलाने से जीवन में खुशियां और सफलता आती हैं।
- **केक** : ईसा मसीह के जन्मदिन पर खुशियां बांटने के लिए केक खाया जाता है और लोगों को बांटा जाता है।




# अनेक बाधाओं से जूझने के बाद मिली क्रिसमस को मान्यता

सामान्यत: 25 दिसंबर को ईसा मसीह का जन्मदिवस माना जाता है और उसी रूप में क्रिसमस का आयोजन होता है परंतु प्रारंभ में स्वयं धर्माधिकारी भी इस रूप में इस दिन को मान्यता देने के लिए तैयार नहीं थे। यह वास्तव में रोमन जाति के एक त्योहार का दिन था, जिसमें सूर्यदेवता की आराधना की जाती थी। यह माना जाता था कि इसी दिन सूर्य का जन्म हुआ। उन दिनों सूर्य उपासना रोमन सम्राटों का राजकीय धर्म हुआ करता था। बाद में जब ईसाई धर्म का प्रचार हुआ तो कुछ लोग ईसा को सूर्य का अवतार मानकर इसी दिन उनका भी पूजन करने लगे मगर इसे उन दिनों मान्यता नहीं मिल पाई। प्रारंभ में तो ईसाइयों में इस प्रकार के किसी पर्व का सार्वजनिक आयोजन होता ही नहीं था। चौथी शताब्दी में उपासना पद्धति पर चर्चा शुरू हुई और पुरानी लिखित सामग्री के आधार पर उसे तैयार किया गया। 360 ईस्वी के आसपास रोम के एक चर्च में ईसा मसीह के जन्मदिवस पर प्रथम समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्वयं पोप ने भी भाग लिया मगर इसके बाद भी समारोह की तारीख के बारे में मतभेद बने रहे। यहूदी धर्मावलंबी गड़रियों में प्राचीनकाल से ही 8 दिवसीय बसंतकालीन उत्सव मनाने की परंपरा थी। ईसाई धर्म के प्रचार के बाद इस उत्सव में गड़रिए अपने जानवरों के पहले बच्चे की ईसा के नाम पर बलि देने लगे और उन्हीं के नाम पर भोज का आयोजन करने लगे मगर यह समारोह केवल गड़रियों तक सीमित था। उन दिनों कुछ अन्य समारोह भी आयोजित किए जाते थे, जिनकी अवधि 30 नवंबर से 2 फरवरी के बीच में होती थी। जैसे नोर्समेन जाति का यूल पर्व और रोमन लोगों का सेटरनोलिया पर्व, जिसमें नौकरों को मालिक के रूप में आचरण करने की पूरी छूट होती थी। इन उत्सवों का ईसाई धर्म से उस समय तक कोई संबंध नहीं था। तीसरी शताब्दी में ईसा मसीह के जन्मदिन का समारोह करने पर गंभीरता से विचार किया जाने लगा मगर अधिकांश धर्माधिकारियों ने उस समय उस चर्चा में भाग लेने से ही मना कर दिया। फिर भी ईसाई धर्मावलंबियों में विचार-विमर्श हुआ और यह तय किया गया कि बसंत ऋतु का ही कोई दिन इस समारोह के लिए तय किया जाए।

तद्नुसार इसके लिए पहले 28 मार्च और फिर 19 अप्रैल के दिन निर्धारित किए गए। बाद में इसे भी बदलकर 20 मई कर दिया गया। इस संदर्भ में 8 और 18 नवंबर की तारीखों के भी प्रस्ताव आए। लंबी बहस और विचार-विमर्श के बाद चौथी शताब्दी में रोमन चर्च तथा सरकार ने संयुक्त रूप से 25 दिसंबर को ईसा मसीह का जन्मदिवस घोषित कर दिया। इसके बावजूद इसे प्रचलन में आने में लंबा समय लगा। इससे पूर्व मनाए जाने वाले अन्य जातियों के उत्सव इनके साथ घुले-मिले रहे और बाद में भी उनके कुछ अंश क्रिसमस के पर्व में स्थायी रूप से जुड़ गए। ईसा की जन्मभूमि यरुशलम में इस तारीख को पांचवीं शताब्दी के मध्य में स्वीकार किया गया। इसके बाद भी क्रिसमस दिवस की यात्रा सहज नहीं रही। विरोध और अंतर्विरोध चलते रहे। 13वीं शताब्दी में जब प्रोटस्टेंट आंदोलन शुरू हुआ तो इस पर्व पर पुन: आलोचनात्मक दृष्टि डाली गई और यह महसूस किया गया कि उस पर पुराने पैगन धर्म का काफी प्रभाव शेष है। इसलिए क्रिसमस केरोल जैसे भक्ति गीतों के गाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया और 25 दिसंबर 1644 को इंग्लैंड में एक नया कानून बना, जिसके अंतर्गत 25 दिसंबर को उपवास दिवस घोषित कर दिया गया।

क्रिसमस विरोधी यह आंदोलन अन्य देशों में भी फैला। अमेरिका में भी इसका प्रभाव हुआ। बोस्टन में तो 1690 में क्रिसमस के त्योहार को प्रतिबंधित ही कर दिया गया। 1836 में अमेरिका में क्रिसमस को कानूनी मान्यता मिली और 25 दिसंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया। इससे विश्व के अन्य देशों में भी इस पर्व को बल मिला।

योरप के विभिन्न भागों में हंसी-खुशी के विभिन्न अवसरों पर वृक्षों को सजाने की प्राचीन परंपरा थी। जर्मनी में 24 दिसंबर को एक पर्व मनाया जाता था और उसी दिन एक रहस्यात्मक नाटक भी खेला जाता था- 'अदन का वृक्ष'। संभव है इन परंपराओं ने क्रिसमस वृक्ष की विचारधारा को जन्म दिया हो। इस विचारधारा के साथ बाद में अनेक दंतकथाएं भी जुड़ गईं। 1821 में इंग्लैंड की महारानी ने एक 'क्रिसमस वृक्ष' बनवाकर बच्चों के साथ समारोह का आनंद उठाया था। उन्होंने ही इस वृक्ष में एक देव प्रतिमा रखने की परंपरा को जन्म दिया। बधाई के लिए पहला क्रिसमस कार्ड लंदन में 1844 में तैयार हुआ और उसके बाद क्रिसमस कार्ड देने की प्रथा 1870 तक संपूर्ण विश्व में फैल गई। जहां तक सान्ता क्लॉज का संबंध है, इसकी परंपरा क्रिसमस के साथ काफी बाद में जुड़ी। मध्ययुग में संत निकोलस (जन्म 340 ईस्वी) का जन्म दिवस 6 दिसंबर को मनाया जाता था और यह मान्यता थी कि इस रात्रि को संत निकोलस बच्चों के लिए तरह-तरह के उपहार लेकर आते हैं। यही संत निकोलस अमेरिकी बच्चों के लिए 'सान्ता क्लॉज' बन गए और वहां से यह नाम संपूर्ण विश्व में लोकप्रिय हो गया। आज विश्व के लगभग 100 देशों में क्रिसमस का त्योहार बड़े उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाता है। अनेक देशों में इस दिन राजकीय अवकाश घोषित किया जाता है तथा सभी ईसाईजन बड़े आमोद-प्रमोद और तरह-तरह के पकवानों के साथ उत्सव का आयोजन करते हैं! इस मंजिल तक पहुंचने में इस पर्व को लंबा समय लगा है और उसे अनेक बाधाओं से जूझना पड़ा है। पिछली लगभग डेढ़ शताब्दी से ही क्रिसमस का पर्व अपने वर्तमान रूप में निर्विघ्न आयोजित होने लगा है।बदलते समय के साथ दिन-प्रतिदिन इसका चलन और ज्यादा बढ़ गया है।

# क्रिसमस की ये हैं सदाबहार पवित्र चीजें



होली (शूलपर्णी), मिसलटो (वांदा), लबलब (आइव) यह कुछ सदाबहार चीजें हैं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इन सभी का अपना एक अलग अर्थ है।

होली माला - परंपरागत रूप से होली माला घरों तथा गिरजाघरों में लटकाई जाती है। इसे सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। भारत में इन होली मालाओं में मोमबतियां लगाई जाती हैं।

मिसलटो - आम तौर पर यह बेर के आकार की सफेद रचनाएं होती हैं जो सेबफल के वृक्षों की शाखाओं पर पाई जाती हैं। इसका सर्वाधिक प्रचलित और लोकप्रिय अर्थ यह है कि इसके नीचे खड़ा रहने वाला किसी का भी चुंबन ले सकता है।

परंपरागत रूप से यह माना जाता है कि मिसलटो के नीचे मिलने वाले दो मित्रों पर भाग्य हमेशा मुस्कुराता रहता है और यदि दो दुश्मन इसके नीचे मिल जाएं तो दुश्मनी दोस्ती में बदल जाती है यानि कि यह मित्रता और प्रेम का प्रतीक है।

आइव - यह मित्रता का प्रतीक है। ऐसा प्रेम जो स्थायी तथा अटूट होता है।

संत निकोलस (सांता क्लॉज) - सांता क्लाज शब्द की उत्पत्ति डच सिंटर क्लाज से हुई है। यह संत निकोलस का लोकप्रिय नाम है। दिलचस्प बात तो यह है कि संत निकोलस की कहानी का येसु के जन्मोत्सव से कोई लेना-देना नहीं है। निकोलस पर्व 6 दिसंबर को मनाया जाता है तथा इस दिन परंपरानुसार बच्चों को फलों तथा मिठाइयों के तोहफे दिए जाते हैं।

ऐसी धारणा है कि संत निकोलस एक ईसाई पादरी थे जो एशिया माइनर में कोई डेढ़ हजार साल पहले रहते थे। वे बहुत उदार तथा दयालु थे तथा हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करते रहते थे।

बच्चों से उनके संबंधों के बारे में एक किंवदंती प्रचलित है कि एक बार वे ऐसे मकान में ठहरे थे, जहां तीन बच्चों की हत्याएं कर उनके शवों को अचार की बरनियों में छिपा दिया गया था। संत निकोलस ने चमत्कार द्वारा उन बच्चों को जीवित कर दिया। तभी से उन्हें बच्चों का संत कहा जाने लगा। एक अन्य किंवदंती के अनुसार संत निकोलस क्रिसमस की रात को गलियों में घूमकर गरीब व जरुरतमंद बच्चों को चाकलेट-मिठाई आदि वितरित करते थे जिससे वे भी क्रिसमस को हर्षोल्लास से मना सकें। इस तरह क्रिसमस व बच्चों के साथ सांता क्लॉज के रिश्ते जुड़ गए।





# क्रिसमस को बड़ा दिन क्यों कहा जाता है?

भारतीय संस्कृति को परंपराओं का संगम कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। सभी त्योहारों की तरह क्रिसमस यानी बड़े दिन का त्यौहार पूरे विश्व की तरह भारत भर में मनाया जाता है, मगर क्या कभी आपने सोंचा है भारत में क्रिसमस को बडे दिन के नाम से क्यों पूकारा जाता है। वैसे तो क्रिसमस को प्रभु ईसा मसीह या यीशु के जन्म की खुशी में मनाया जाता है। भारत में क्रिसमस को बड़ा दिन कहने के पीछे कई अलग अलग मान्यताएं प्रचलित है कहा जाता है।पहले इसे रोमन उत्सव के रूप में मनाया जाता था इस दिन लोग एक दूसरे को ढेर सारे उपहार देते थे। जब धीरे-धीरे ईसाई सभ्यता पनपने लगी तब भारत में यह दिन मकर संक्रान्ति के रूप में मनाया जाने लगा। इसके अलावा बड़े दिन के पीछे प्रभू ईसा के जन्म से जुड़ी कई कथाएं भी प्रचलित हैं। 25 दिसंबर यीशु मसीह के जन्म की कोई ज्ञात वास्तविक जन्म तिथि नहीं है। एन्नो डोमिनी काल प्रणाली के आधार पर यीशु का जन्म, 7 से 2 ईपू. के बीच हुआ था भारत में इस तिथि को एक रोमन पर्व यामकर संक्रांति से संबंध स्थापित करने के आधार पर चुना गया है जिसकी वजह से इसे बड़े दिन के नाम से मनाया जाने लगा। वैसे तो पूरी दुनिया में इसे इसे 25 दिसंबर को मनाया जाता है मगर जर्मनी में 24 दिसंबर को ही इससे जुडे समारोह शुरू हो जाते हैं। क्रिसमस के दिन संता क्लॉज का भी अपना अलग महत्व है, कहते हैं इस दिन सांता क्लॉज बच्चों के लिए ढेर सारे खिलौने और चॉकलेट लाते है। सांता क्लॉज को क्रिसमस का पिता भी कहा जाता है जो केवल क्रिसमस वाले दिन ही आते हैं। क्रिसमस का एक और दिलचस्प पहलू यह है कि ईसा मसीह के जन्म की कहानी का संता क्लॉज की कहानी के साथ कोई संबंध नहीं है, कहते हैं तुर्किस्तान के मीरा नामक शहर के बिशप संत निकोलस के नाम पर सांता क्लॉज का चलन करीब चौथी सदी में शुरू हुआ वे गरीब और बेसहारा बच्चों को तोहफे दिया करते थे। चाहे क्रिसमस कहें या फिर बड़ा दिन कुल मिलाकर इस दिन चारों ओर खुशियां ही खुशियां दिखाई देती है, लोग अपने घरों को सजाते है, गिरजाघरों में प्राथनाएं होती है। अब क्रिसमस को आने में कुछ ही दिन बचें है बाजारों में क्रिसमस गिफ्ट, कार्ड, प्रभु ईशु की चित्राकृतियाँ, सांता क्लॉज की टोपी, सजावटी सामग्री और केक मिलने भी शुरू हो गए है।

# क्रिसमस ट्री कैसे बना ईसाई धर्म का परंपरागत प्रतीक

क्रिसमस ट्री/वृक्ष- सदाबहार झाड़ियों तथा वृक्षों को ईसा युग से पूर्व भी पवित्र माना जाता रहा है। इसका मूल आधार यह रहा है कि फर वृक्ष की तरह के सदाबहार वृक्ष बर्फीली सर्दियों में भी हरे-भरे रहते हैं। इसी धारणा के आधार पर रोमनवासियों ने सर्दियों के भव्य भगवान सूर्य के सम्मान में मनाए जाने वाले सैटर्नेलिया पर्व में चीड़ के वृक्षों को सजाने की परंपरा आरंभ की थी। क्रिसमस के परिप्रेक्ष्य में सदाबहार फर का प्रतीक ईसाई संत बोनिफेस द्वारा ईजाद किया गया था। जर्मनी में यात्राएं करते हुए वे एक ओक वृक्ष के नीचे विश्राम कर रहे थे, जहां गैर ईसाई ईश्वरों की संतुष्टि के लिए लोगों की बलि दी जाती थी। संत बोनिफेस ने वह वृक्ष काट डाला और उसके स्थान पर फर का वृक्ष लगाया। तभी से अपने धार्मिक संदेशों के लिए संत बोनिफेस फर के प्रतीक का प्रयोग करने लगे थे। इसके बारे में एक जर्मन किंवदंती यह भी है कि जब नवजात शिशु के रूप में येसु का जन्म हुआ वहां चर रहे पशुओं ने उन्हें प्रणाम किया और देखते ही देखते जंगल के सारे वृक्ष सदाबहार हरी पत्तियों से लद गए। बस, तभी से क्रिसमस ट्री को ईसाई धर्म का परंपरागत प्रतीक माना जाने लगा।

एक अन्य किंवदंती के अनुसार संत निकोलस क्रिसमस की रात को गलियों में घूमकर गरीब व जरूरतमंद बच्चों को चॉकलेट-मिठाई आदि वितरित करते थे जिससे वे भी क्रिसमस को हर्षोल्लास से मना सकें। इस तरह क्रिसमस व बच्चों के साथ सांता क्लॉज के रिश्ते जुड़ गए।



## श्री चंडी मंदिर सेवा ग्रुप के प्रत्याशियो का भव्य स्वागत



**आज का मुद्दा-हापुड़।** श्री चंडी मंदिर प्रबंधक समिति के चुनाव को लेकरप्रचार-प्रसार तेज हो गया है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है। प्रत्याशीमजबूती से अपना प्रचार कर रहे हैं। मंगलवार को मां आद्यशक्ति श्री चंडीपालकी सेवा समिति पंजीकृत हापुड़ के पदाधिकारियों ने चंडी रोड पर श्री चंडीमंदिर सेवा ग्रुप के प्रत्याशियों का भव्य स्वागत किया। संगठन की ओर सेप्रधान पद के प्रत्याशी संजय गुप्ता टायर वालों समेत अन्य प्रत्याशियों कास्वागत किया गया और उनके साथ प्रचार-प्रसार में शामिल हुए। आपको बता दें कि श्री चंडी मंदिर सेवा ग्रुप से प्रधानपद केप्रत्याशी संजय कुमार गुप्ता टायर वाले, ऑडिटर पद के उम्मीदवार गौरव सराफबिट्ठल, कार्यकारिणी सदस्य पद के प्रत्याशी योगेश सिंघल बार दाने वाले, दीपांशु कनोडिया, मोहित बंसल बैंक वाले व जेल कैफे वाले आदि प्रत्याशीविभिन्न पदों पर मैदान में उतरे हैं जोकि तेजी से प्रचार-प्रसार कर रहेहैं। इस मौके पर पालकी सेवा समिति के संस्थापक रविंद्र जिंदल, सहसंस्थापक नवीन आनंद, कोषाध्यक्ष विनय प्रकाश गुप्ता, सहयोग मंत्री मनुगर्ग, कार्यकारिणी सदस्य राहुल पुंजानी, तरुण वर्मा,सेवादार शिवम अग्रवालआदि उपस्थित रहे।

# जेएमएल खेल चेतना मेला 2024 प्रतियोगिता का आयोजन

**आज का मुद्दा-हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में जेएमएस खेल चेतना मेला 2024 प्रतियोगिता का अद्भुत आयोजन कराया गया यह खेल चेतन मेला 24 और 25 दिसंबर तक होगा जिसमें बास्केटबॉल, वॉलीबॉल फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी और खो-खो की प्रतियोगिता कराई गई कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र करण सिंह जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खेरा कुचेसर चोपला ग्राम प्रधान मनोज चौधरी राहुल चौधरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे स्पर्धा में लगभग 30 स्कूलो के लगभग 500 से ज्यादा खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर आयुष सिंघल ने खेल के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए



कहा खेल ही अच्छे स्वास्थ्य का धन है जेएमएस के खेल निदेशक दीपांशु करने बताया कि कबड्डी अंडर 11 बालक वर्ग में में जे पी एस एकेडमी प्रथम तथा जेएमएस वर्ल्ड स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा कबड्डी अंडर 13 बालक वर्ग में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल प्रथम तथा जीपीएस गढ़ द्वितीय स्थान पर रहा वालीबॉल गर्ल्स में दीवान पब्लिक स्कूल प्रथम तथा जेएमएस वर्ल्ड स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा वॉलीबॉल बॉयज में दीवान पब्लिक स्कूल प्रथम स्थान पर तथा जे एम एस वर्ल्ड स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा खो खो बालक वर्ग में पी बी ए स मोदीनगर प्रथम स्थान पर तथा एल आर एस बी एम मुरादनगर द्वितीय स्थान पर रहा खो खो बालिका वर्ग में जेएमएस प्रथम स्थान पर रहा इसके साथ ही एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जे एम एस वर्ल्ड स्कूल प्रथम स्थान पर तथा ज्ञान अनंत स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ निधि मलिक द्वारा सभी बच्चों को ट्रॉफी मेडल वह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में आकाश,नितिन, अंकुर, अमित प्रताप,योगेंद्र पाल सिरोही, महेंद्र,गीता त्यागी, हरेंद्र सिंह पवार, राहुल चौधरी, रवि, कांता, हिमांशु आदि लोगों का सहयोग रहा।

## विधान से समाधान महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**आज का मुद्दा-हापुड़।** जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह के दिशा निर्देशन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हापुड़ की अध्यक्षता में तहसील सभागार धौलाना में विधान से समाधान महिलाओं के हितार्थ एक विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। धौलाना तहसील सभागार में आयोजित महिलाओं के अधिकार विषय पर जानकारी देते हुए लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल राहुल कुमार ने महिलाओं के अधिकारी विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, किसी भी प्रकार का यौन हमला विषय पर बताया। कार्यक्रम में मौजूद डिप्टी लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल, डा० निधि यादव ने महिलाओं को मानव तस्करी, दहेज उत्पीड़न, समान काम के लिए समान वेतन की जानकारी दी। चंचल शर्मा, लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल, हापुड़ द्वारा महिलाओं के विधिक अधिकारों के बारे में बताया गया एवं रिसोर्स पर्सन स्वाति गर्ग, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड द्वारा महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया गया एवं महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न के बारे में जानकारी दी गयी।कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ की ओर से पराविधिक स्वंयसेवक गौरव सहगल, आयुषी त्यागी एवं मनमीत हाडां आदि उपस्थित रहें।



## ट्रक लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, ट्रक ड्राइवर ने ही अपने साथी के साथ रची थी लूट की झूठी कहानी

**आज का मुददा बुलंदशहर (त्रिलोक चन्द) :** तीन दिन पहले हुई ट्रक लूट की घटना का थाना पहासू पुलिस बसपा टीम ने खुलासा किया है। अपने साथ घटना कराने वाले ड्राईवर सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार किये है। गिरफ्तार बदमाशो के कब्जे से लूटा गया ट्रक, अवैध चाकू सहित अन्य सामान भी बरामद किया है।





पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में प्रेस वार्ता करते हुए एसपी श्लोक कुमार ने बताया कि छोटेलाल पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम बाडी धौलपुर राजस्थान ने थाना छतारी पर तहरीर दी कि दिनांक 19 दिसम्बर 2024 को इटारसी मध्यप्रदेश से मुरादाबाद के लिए अपने ट्रक नं0- RJ 11 GA 8516 में मक्का भरकर चला था। दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को समय करीब सुबह 04.30 बजे थाना छतारी क्षेत्रान्तर्गत कस्बा डड्डू के पास पहुंचा तो 03 अज्ञात बाइक सवार बदमाशों द्वारा ट्रक के आगे बाइक लगाकर ट्रक रुकवा लिया तथा उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल तोड दिया तथा 17,000/- रुपये, कागजात व ट्रक को लेकर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना छतारी पर तीन अज्ञात बदमाश के खिलाफ मुक्दमा किया गया था। उक्त घटना के खुलासे के लिए स्वाट टीम व थाना छतारी पुलिस को लगाया गया था। पुलिस की जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि ट्रक में भरी मक्का को हड़पने के उद्देश्य से इस पूरी घटना की प्लानिंग वादी ट्रक ड्राइवर छोटेलाल द्वारा अपने साथी चालक केशव के साथ मिलकर की गयी थी। दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को स्वाट टीम व थाना छतारी पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को तथाकथित लूटे गये ट्रक, 310 बोरे मक्का (लगभग 16.5 टन), 15400/- रुपये नकद, अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैंकर्स की समीक्षा बैठक




**आज का मुद्दा-**हापुड़। कलेक्ट्रेट सभागार हापुड़, में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, वित्तीय समावेशन, एवं विकास परियोजनाओं के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना था। जिलाधिकारी ने बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने पर बल दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओ का अधिक से अधिक लाभ मिल सकें। उन्होंने बैंकिंग के विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की एवं बैठक मे भाग ले रहे सभी बैंक समन्वयक अधिकारियों को बैंको मे लंबित पड़े आवेदन पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण करने एवं ऋण जमा अनुपात बढ़ाने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने बैठक में जिले के आर्थिक विकास में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और कहा कि बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर सभी बैंकों से आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक रूपरेखा तैयार करने और जिले के आर्थिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला अग्रणी बैंक कार्यालय के मुख्य प्रबंधक राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि बैठक में विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवम अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी बैंकों द्वारा जिले में चल रही सरकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें मुख्य रूप से मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, और अन्य योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।बैठक के दौरान आरबीआईके सहायक महाप्रबंधक के. के. कौशिक, जिला विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप, कृषि विकास अधिकारी मनोज कुमार, डीडीएम नाबार्ड डी. के. सिंह, शीशपाल सिंह प्रबन्धक लीड बैंक एवं सभी बैंको के जिला समन्वयक अधिकारी उपस्तिथ रहे।अंत में, मुख्य प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक ने बैठक के सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया और सभी से जिले के विकास के प्रति अपने उत्तरदायित्व को पूरी निष्ठा से निभाने का अनुरोध किया।

## बसपा ने गृहमंत्री द्वारा डॉ. अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के खिलाफ किया पैदल मार्च, गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग



**आज का मुद्दा-हापुड़।** देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निमार्ताडॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के खिलाफ बहुजन समाज पार्टी केकार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ मंगलवार कोमोर्चा खोलते हुए जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बहुजन समाज पार्टी केकार्यकर्ता व पदाधिकारी हापुड़ की कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने जमकरविरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों केसमर्थन में एक ज्ञापन हापुड़ के अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार यादव को सौंपा। हापुड़ के बसपा के जिलाध्यक्ष ए. के. कर्दम ने बताया कि बहुजन समाजपार्टी की सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्णतरीके से धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि देश के गृहमंत्री अमितशाह ने संसद भवन में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर अपमानजनकटिप्पणी की है जिससे समाज में काफी ज्यादा रोष है। इस तरह की अपमानजनकटिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमित शाह या तो इस्तीफा दे या माफीमांगे। हाथों में झंडा, बाबा साहेब का चित्र और पोस्टर लेकर बहुजन समाज पाटीर्के कार्यकर्ता हापुड़ कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की औरदेश के गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफा की मांग की। बहुजन समाज पार्टी काकहना है कि अमित शाह या तो माफी मांगे या इस्तीफा दें।अपनी मांगों केसमर्थन में उन्होंने एक ज्ञापन एडीएम संदीप कुमार को दिया।

## जन्मदिन पर मिले जनता के प्यार का रहूंगा आभारी : कुश शर्मा





**आज का मुददा बुलंदशहर (त्रिलोक चन्द) :** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री वर्तमान शिकारपुर विधायक अनिल शर्मा के पुत्र युवा भाजपा नेता कुश शर्मा के जन्मदिन में शुभकामना देने के लिए क्षेत्रीय लोगों की भीड़ उमड़ गई। शिकारपुर के बदायूं हाईवे स्थित रानऊ निजी फार्म हाउस में स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ है। जन्मदिन पर आयोजित स्नेह मिलन समारोह में भाजपा के साथ हिंदू संगठन के पदाधिकारियों के साथ-साथ कार्यकताओं ने भाजपा नेता कुश शर्मा के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हैं।

बुलंदशहर की विधानसभा शिकारपुर के बदायूं हाईवे स्थित गांव रानऊ स्थित अर्वंतिका फार्म हाउस में विधायक अनिल शर्मा पूर्व राज्यमंत्री के पुत्र युवा भाजपा नेता कुश शर्मा के जन्मदिन पर स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नेता कुश शर्मा के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में जनपद के प्रभारी मंत्री डा अरुण कुमार सक्सेना ने कार्यक्रम में पहुंचकर शुभकामनाएं दी। उसी दौरान भाजपा नेता कुश शर्मा ने जनप्रतिनिधियों के साथ चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डा अंतुल तेवतिया, सांसद डा भोला सिंह, स्याना विधायक देवेंद्र सिंह, डिबाई विधायक चंद्रपाल सिंह, खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह सहित जिलाधिकारी सीपी सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जन्मदिन पर कार्यक्रम में पहुंचकर शुभकामनाएं दी। उसी क्रम में भाजपा के साथ साथ विभिन्न हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों सहित कार्यकताओं ने पहुंचकर जन्मदिन की शुभकामना दी। जन्मदिन के स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के तमाम पदाधिकारी सहित क्षेत्र हजारों लोगों का जन सेवा सैलाब उमड़ गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों की कुश शर्मा के साथ फोटो खींचने की होड लगी रही है। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती व भगवान प्रभु श्री राम की अयोध्या में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का 1 वर्ष पूरा होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## प्रथम विश्व ध्यान दिवस पर जी एस आयुर्वेद कॉलेज में द्विदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**आज का मुद्दा-हापुड़।** प्रथम विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर जी एस आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल में स्वस्थ्वृत एवं योग विभाग तथा कायचिकित्सा विभाग द्वारा द्वि दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने इस विषय पर विस्तृत प्रकाश डालाकार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ भावना सिंह ने बताया कि अष्टांग योग के सप्तम स्तर ध्यान को आज विश्व समझ रहा है एवं उसे वैश्विक मान्यता प्राप्त हो रही है। हमें भी अपने दैनिक जीवन में आ रही मानसिक व्याधियों बचाव के लिए नित्य प्रति ध्यान योग का अभ्यास करना चाहिए।इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अस्पताल के मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डॉ प्रवीण गोयल ने भी ध्यान योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन को एक महत्वपूर्ण कदम बतायाकार्यशाला में उपस्थित वक्ताओं डॉ चारु त्रिपाठी, डॉ अतुल सरोकते, डॉ घनश्याम वत्स ने उपस्थित छात्र छात्राओं एवं फैकल्टी को ध्यान के विषय में जानकारी एवं प्रशिक्षण दियाकार्यक्रम के संयोजक डॉ विकास चौहान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भाजपा की वीर बाल दिवस को लेकर हुई संगोष्ठी



**आज का मुद्दा-हापुड़।** सवा लाख एक लड़ावाँ ते गोविंद सिंह नाम कारवां इस वीर उद्घोष से संबोधित करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि युवा और मासूम लड़के, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह 26 दिसंबर, 1705 को शहीद हो गए, उस वक्त सरहिंद के मुगल गवर्नर वजीर खान ने उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी उन पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव लगातार बनाया जा रहा था लेकिन इतना होने पर भी उन्होंने अपने धर्म का साथ नहीं छोड़ा जिस पर गुरु गोविंद जी के सामने ही उनके दोनों वीर पुत्रों की निर्मम हत्या कर दी गई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सभा के अध्यक्ष मनमोहन छाव बढ़ाने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी, जिला महामंत्री राजीव सिरोही, पुनीत गोयल, जिला उपाध्यक्ष श्यामइंद्र त्यागी, राकेश त्यागी, कविता मादरे, विनोद गुप्ता, संजय त्यागी, मालती भारती, उपेंद्र राणा, जितेन्द्र पाल, संजय त्यागी, पायल गुप्ता, पिंकी त्यागी, पवन सैनी, गुड्डू शर्मा, सुनील वर्मा, नितिन पाराशर, दिनेश त्यागी, विक्रांत शर्मा, ललित गर्ग, पवन गर्ग, प्रशांत त्यागी, सौदान सिंह, दीपक भाटी, अनिरुद्ध कस्तला, संजीव वर्मा,राजेश आधना, महेश तोमर, विश्व प्रकाश शर्मा, अंशुल मित्तल, हेमंत त्यागी, वह सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मिलावट करने वाले लोगों के विरूद्ध सेंपल भरते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। सीपी सिंह

आज का मुद्दा (आशीष कुमार)

बुलंदशहरः मंगलवार को जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक में डीओ फूड विनीत कुमार द्वारा जनपद में मिलावट करने वाले लोगों के विरूद्ध की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रतिदिन खाद्य पदार्थों की कराई जा रही सेंपल की कार्यवाही की भी जानकारी दी गई। साथ ही जुमार्ना के रूप में वसूल की गई धनराशि का भी विवरण प्रस्तुत किया। मिलावट करने वालो एवं सेंपल फेल होने पर होने वाली वैधानिक कार्यवाही के लिए कोर्ट में वादों की स्थिति के बारे में भी अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सभी खाद्य



निरीक्षकों को निर्देशित किया कि मिलावट करने वाले लोगों के विरूद्ध सेंपल भरते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। सैंपलिंग के दौरान किसी का शोषण नहीं किया जाए। डीओ फूड को निर्देश दिए गए कि मिलावट करने वालों के विरुद्ध की गई कार्यवाही के बारे में मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जाए। जिससे मिलावट करने वालों को सबके मिल सके। लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें। खाद्य पदार्थ, मसालों, दूध आदि की सैंपलिंग नियमित कराई जाए। किसी भी दशा में बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थ नहीं बिके। बैठक में उपस्थित व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से भी कहा कि वह भी मिलावट करने वालों के बारे में सूचित करें। हम सभी का दायित्व है कि जीवन से खिलवाड़ करने वालों को मिलकर सबक सिखाया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अभिषेक सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा प्रशांत कुमार सहित सभी उप जिलाधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुक्त नगर निगम ने वार्ड नंबर 11 के सेक्टर-4 का निरीक्षण किया

**पंचकूला, 25 दिसंबर -(शशि किरण अरोड़ा) --आज का मुद्दा-**आयुक्त नगर निगम अपराजिता ने वार्ड नंबर 11 के सेक्टर-4 का निरीक्षण किया। आयुक्त ने सेक्टर 4 मार्किट में बने शोरूम के पीछे की तरफ तथा हरिपुर गांव की तरफ सड़क का निरीक्षण किया । आयुक्त ने मुख्य सफाई निरीक्षक को सड़क के किनारे एकत्रित कूड़े की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हरिपुर गांव के निकटवर्ती पार्क का निरीक्षण किया तथा मौके पर पाया कि पार्क की सफाई नहीं हो रही है और कूड़े के ढेर लगे पाए गए है। सीएसआई को पार्क की सफाई करने के तथा संबंधित जेई को रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने पाया कि संबंधित सहायक सफाई निरीक्षक



अशोक कुमार, द्वारा सफाई का उचित प्रबंध नहीं किया जा रहा है उन्होंने उसे तुरंत प्रभाव से बदलने के आदेश दिए। इसके अतिरिक्त, निरीक्षण के दौरान पाया कि गांव हरिपुर की एक गली अच्छे से समतल नहीं है और उसमें पेवरब्लॉक नहीं लगे है। आयुक्त ने कार्यकारी अभियंता हरीश एवं जानकी प्रसाद, कनिष्ठ अभियंता को गली में पेवर ब्लॉक लगाने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे बनी कुछ रोड गलीज टूटी मिली जो किसी हादसे का कारण बन सकती है। आयुक्त ने कार्यकारी अधिकारी एवं कनिष्ठ अभियंता को तुरंत टूटी रोड गलीज ठीक करवाने के आदेश दिए।

## 2300 से अधिक नए कारोबारियों ने कारोबार शुरू किया

नोएडा। जिले में जीएसटी पंजीकरण तेजी से बढ़ा है। बीते वित्तीय वर्ष में 2300 से अधिक नए कारोबारियों ने यहां पर कारोबार शुरू किया है। इनमें सेवा प्रदाता और ट्रेडिंग से जुड़े कारोबारियों की संख्या अधिक है। राज्य जीएसटी विभाग गौतमबुद्ध नगर से मिली जानकारी के अनुसार, एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक कुल 20178 कारोबारियों ने जीएसटी में पंजीकरण कराया था। इसमें केंद्र जीएसटी में 10818 और राज्य जीएसटी में 9360 कारोबारियों का पंजीकरण हुआ था। वहीं, एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 कुल 22527 कारोबारियों को जीएसटी नंबर जारी हुए थे। इनमें 12967 कारोबारी केंद्र जीएसटी और 10460 व्यापारी राज्य जीएसटी में पंजीकृत हुए थे। एक अप्रैल 2024 से 30 नवंबर 2024 तक 15489 कारोबारियों ने जीएसटी में पंजीकरण कराया है। इसमें केंद्र जीएसटी में 7885 और राज्य जीएसटी में 7604 कारोबारियों का पंजीकरण हुआ है।

विभाग के अनुसार, वित्तीय वर्ष समाप्त होने में समय है। ऐसे में जीएसटी पंजीकरण की संख्या बढ़ेगी। संभव है कि यह बीते साल से भी अधिक हो जाए। अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड टू विवेक आर्य ने कहा कि सेवा प्रदाता और ट्रेडिंग कारोबार की संख्या में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि जीएसटी के तमाम फायदों के कारण वे कारोबारी भी पंजीकरण करा रहे हैं, जिनका कारोबार कर की श्रेणी में नहीं आता है।

राज्य जीएसटी विभाग गौतमबुद्ध नगर के अनुसार, जीएसटी के कई फायदे हैं। इसमें पंजीकृत व्यापारी को 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा का लाभ मिलता है। कारोबारी बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी उठा सकता है। व्यापारी का करंट अकाउंट तभी खुल सकेगा जब व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत होगा।

## हरियाणा में महिला यू-ट्यूबर से दुष्कर्म, आरोपी ने धमकाकर 2 बार करवाया गर्भपात

हिसार। शादी का झांसा देकर एक महिला यू-ट्यूबर से एक युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके साथी ने ही रेप किया और जब उसे शादी के लिए कहा तो आरोपी टाल-मटोल करने लगा। आरोपी युवक ने पीड़िता की अश्लील वीडियो बनाकर दबाब भी बनाया और पीड़िता का हांसी के प्राइवेट अस्पताल में गर्भपात भी करवाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मिलगेट नलका चौक निवासी आरोपी दीपक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके परिवार को जान से मारने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी है। पीड़िता सोशल मीडिया पर कॉमेडी पेज चलाती है। जब उसने यह काम शुरू किया तो उसकी दोस्ती मिलगेट निवासी दीपक से हुई थी। वह भी इंटरनेट मीडिया पर एक पेज चलाता था। आरोपी उसे काम में मदद करने लगा। इसी दौरान वह उसके पास आने लगा और उसने उसे बहकाकर काफी वायदे किए और शादी का झांसा देता रहा और कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी उसे 2-3 बार बाहर घुमाने भी ले गया था। आरोपी दीपक ने एक साजिश के तहत उसके साथ एक साल तक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि जब वह रिलेशनशिप से दो बार गर्भवती हुई तो आरोपी ने हांसी ले जाकर एक निजी अस्पताल में महिला डॉक्टर से दवाई दिलाई और बच्चे को गिरा दिया। जब युवती ने तीन महीने पहले आखिरी बच्चा गिराने से मना कर दिया तो उसने कहा कि हम दोनों घर बात कर लेंगे। आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बनाई है। वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म (ऋ्रुश्वद्ग) करता रहा। आरोपी अपने दोस्त को लेकर कमरे पर आया और दोनों ने मिलकर उसका सामूहिक दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब वह चिल्लाने लगी तो आरोपी फरार हो गए। आरोपी ने उसे जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

## हरियाणा में बुजुर्ग की हत्या, डंडा मारकर उतारा मौत के घाट... मामले की जांच जारी


जींद- जींद में एक बुजुर्ग व्यक्ति की डंडा मारकर निर्ममता से हत्या कर दी गई है। घटना के बारे में पता लगने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव के पास लकड़ी का एक डंडा बरामद किया है। जांच में सामने आया है कि डंडे में लोहे की कीलें लगी हुई थी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। हत्या के पीछे की वजह का अब तक पता नहीं लग पाया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। मृतक की पहचान पालवां गांव के रहने वाले 60 वर्षीय ओमप्रकाश के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई के दामाद सुभाष चंद्र का कहना है कि उन्हें बीती रात को ओमप्रकाश के पड़ोसियों ने फोन करके बताया था कि ओमप्रकाश कमरे में मृत पड़ा है। जिसके बाद सुभाष चंद्र तुरंत ओमप्रकाश के घर पहुंच गया। सुभाष ने देखा कि ओमप्रकाश किसी धारदार हथियार से हमला किया गया है। जिसके बाद सुभाष चंद्र ने घटना के बारे में पुलिस को फोन करके बता दिया, जिसके बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

## रक्षामंत्री की सुरक्षा में जा रहे 2 पुलिसकर्मी घायल, दो कारों की आपस में हुई टक्कर

सिरसा। जिले के गांव नीलियांवाली के पुराने बस स्टैंड के नजदीक दो कारों की आपस में टक्कर हो गई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। इन तीनों को बठिंडा रेफर किया गया है, जहां उनकी हालात नाजुक बनी हुई है। हरियाणा पुलिस में तैनात एसआई राजपाल सिंह और एसआई प्रवीण कुमार रक्षामंत्री की वीआईपी ड्यूटी के लिए फतेहाबाद से तेजाखेड़ा फार्म में जा रहे थे। इसी दौरान गलत दिशा से आ रही एक कार ने उनकी कार को सीधे टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक और पुलिसकर्मी तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को डबवाली के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। यहां पर उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक आलोक मित्तल ने संभाला पदभार, कहा-जीरो टॉलरेंस नीति पर करेंगे काम

चंडीगढ़। हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक आलोक मित्तल ने आज पंचकूला स्थित हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय में पदभार संभाला। इस दौरान उन्होंने ब्यूरो के कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों व कर्मचारी से उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान मित्तल ने अपनी प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के गठन का उद्देश्य प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। इसके लिए हम सभी को एक अच्छी टीम के रूप में कार्य करना होगा ताकि इसके गठन के उद्देश्य को सफल किया जा सके। निरीक्षण के दौरान श्री आलोक मित्तल ने स्टाफ के सदस्यों के साथ बातचीत की। उन्होंने प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी से उनकी ड्यूटी के बारे में पूछा। मित्तल ने कहा कि ब्यूरो में प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारियों को अपने कार्य को लेकर स्पष्टता होना अत्यंत आवश्यक है। अपने काम को लेकर जितनी स्पष्टता होगी कार्यप्रणाली उतनी ही बेहतर और प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ ब्यूरो द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए काम किया जाएगा। इस मामले में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी सरकारी काम करने के बदले में रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 1064 या 1800-180-2022 पर देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में आमजन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए लोग इस कार्य में हमारा सहयोग करें।

## सोनीपत में बदमाशों ने शराब के ठेके पर की फायरिंग, पहले तोड़ा शटर का लॉक, फिर बोतलें न देने पर सेल्समैन पर चला दी गोली

सोनीपत। सोनीपत में शराब के ठेके का शटर का ताला तोड़ा और फिर सेल्समैन पर पिस्तौल तान कर अंग्रेजी शराब की 12 बोतल मांगी। शराब देने से इनकार करने पर सेल्समैन पर भी गोली चला दी, जो कि दीवार परलगी। फिर बदमाश धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले पर बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ये है मामला-** इस मामले की गोहाना सदर थाना में शिकायत देते सेल्समैन रामधन ने बताया कि वह पानीपत के गांव उरलाना कलां का रहने वाला है। वह गांव कासंडा के शराब के ठेके पर करीब 2 महीने से सेल्समैन की नौकरी कर रहा है। रात को करीब 11.00 बजे ठेके के एक शटर को बाहर से ताला लगाकर दूसरे शटर को अंदर से बंद करके ठेके में ही सो रहा था। तभी करीब 12.30 बजे के करीब ठेके के शटर को किसी व्यक्ति ने बाहर से थपथपाया। कुछ देर बाद गोली मार कर शटर का ताला तोड़ दिया और दो युवक अंदर आ गए। उनमें से एक के हाथ में पिस्तौल था। उसने पिस्तौल उसकी तरफ तान कर कहा कि अंग्रेजी शराब की 6-6 बोतल दे दो। उसने शराब की बोतल देने से मना कर दिया तो युवक ने उसकी तरफ पिस्तौल करके गोली चला दी। गोली चलाते ही वह साइड में हट गया। गोली ठेके की दीवार में जा लगी। इसके बाद दोनों युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सेल्समैन ने इस मामले की सूचना पुलिस और ठेकेदार को दी। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

# सीएम सैनी ने महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का किया अनावरण, बोले- महापुरुषों से प्रेरणा लेकर सरकार बना रही नए कीर्तिमान

**सिरसा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज मंगलवार को सिरसा के गांव में पहुंचे। यहां महाराजा सूरजमल के 261वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जाट विकास मंच की तरफ से कराये गए प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण किया। जिसके बाद पौधारोपण भी किया।

ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि महाराजा सूरजमल जैसी शख्सियत की प्रतिमा का अनावरण करने का उन्हें मौका मिल रहा है इसके लिए वो आयोजकों और गांववासियों का धन्यवाद करते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि महाराजा सूरजमल के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके संकल्प को अपने जीवन में लेकर विकास के कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए।

**कहा- किसान व व्यापारी को मिल रहा लाभ**

उन्होंने कहा कि बीजेपी की केंद्रीय और राज्य सरकार ऐसे ही महापुरुषों से प्रेरणा लेकर विकास के नए कीर्तिमान बना रही है। लोगों के हितों में अनेक योजनाएं लागू कर रही है जिसका लाभ किसान व्यापारी और आमजन को मिल रहा है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, प्रदेश के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल सहित बीजेपी के स्थानीय नेता भी मौजूद रहे।





## 'भाजपा ने 30 से ज्यादा विधानसभा हलकों में हैक की ईवीएम', हरियाणा कांग्रेस ने फिर घेरी सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने एक बार फिर से विधानसभा चुनाव में धांधली के मुद्दे पर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार व चुनाव आयोग को घेरते हुए कहा कि ईवीएम के माध्यम से 30 से ज्यादा विधानसभा हलकों को हैक किया गया है।

कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर हरियाणा कांग्रेस द्वारा गठित की गई फैक्ट फांइडिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कर्ण दलाल ने सोमवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय में रिपोर्ट का पहला पार्ट जारी करते हुए कहा कि 8 अक्तूबर को चुनाव परिणाम घोषित करते समय कई तरह की गड़बड़ियां की गई। आज तक भी चुनाव आयोग की साइट पर यह साफ नहीं है कि किस प्रत्याशी को कितने वोट मिले हैं। आयोग पहले दिन से ही वोट प्रतिशतता को केंद्र मानकर आगे बढ़ रहा है।



दलाल ने कहा कि बैलेट वोटों की गिनती के समय कांग्रेस 70 सीटों पर आगे थी, जबकि ईवीएम खुलने के बाद यह आंकड़ा गिरता चला गया। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा 5 अक्तूबर को शाम पांच बजे 61.19 प्रतिशत वोटिंग दिखाई गई। उसी रात पौने 12 बजे बजे साइट पर 65.65 प्रतिशत वोटिंग दिखाई गई। मतगणना के एक दिन पहले रात पौने नौ बजे ईसी की साइट पर वोट प्रतिशत को बढ़ाकर 67.90 प्रतिशत कर दिया गया। दलाल ने कहा कि आयोग की इस बात को सही माना जाए तो वोटिंग से लेकर मतगणना तक प्रत्येक विधानसभा हलके में 15 हजार 175 वोट बढ़ने का अनुमान है। दलाल ने दावा कि मतगणना से एक रात पहले रेवाड़ी, पलवल, होडल समेत कई हलकों में बने स्ट्रांग रूम में 38 मिनट के लिए सीसीटीवी बंद किए गए।

दलाल ने अब तक हुई जांच के बारे में कहा कि भाजपा 44 में से जिन 37 सीटों पर जीत दर्ज करती है वहां स्ट्राइक रेट 88 प्रतिशत तथा 46 में से जीती 11 सीटों पर भाजपा की वोट का स्ट्राइक रेट 23 प्रतिशत रहा है। दलाल ने दावा किया कि भाजपा द्वारा प्रदेश की शहरी सीटों वाली मशीनों के साथ अधिक छेड़छाड़ की गई है। ईवीएम में वोट बढ़ाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कई हलकों में जहां तीन दिन में वोट बढ़ाए गए हैं वहीं नूंह जिले में वोट कम हुए हुए हैं। नूंह में पांच अक्तूबर व सात अक्तूबर को वोट प्रतिशत में अंतर आया है। चरखी दादरी व पंचकूला में सात अक्तूबर की रात 11 प्रतिशत वोट बढ़े हैं।

## गीता महोत्सव में ले गए थे गाय, अब 7 साल बाद बरी हुए संत गोपालदास...



**रोहतक।** गीता महोत्सव के दिन पंडित श्रीराम रंगशाला में गाय लाने के केस में अदालत ने संत गोपालदास सहित छह आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत से बाहर आकर संत गोपालदास ने कहा कि सरकार को गोमाता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। वे जेल जाने से नहीं डरते, गाय माता के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, 30 नवंबर 2017 को एसएचओ सिविल लाइन राजेश कुमार ने शिकायत दी थी कि मानसरोवर पार्क के पास गीता महोत्सव चल रहा था। तभी एक पिकअप गाड़ी गेट के सामने आकर रुकी, जिसमें सफेद रंग की गाय थी। गाड़ी से छह लोग उतरे और गाय सहित गाड़ी को अंदर ले जाने लगे। रोकने पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद लोगों को काबू किया। पूछताछ करने पर हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान संत गोपालदास निवासी राजा खेड़ी, पानीपत, देवेंद्र उर्फ देव निवासी निरंजन पार्क, नगली शकरावती नजफगढ़, दिल्ली, गौतम निवासी कासंडी सोनीपत, अनूप निवासी काकड़ौद जींद, टिंकू निवासी मुरथल रोड, जीवन विहार सोनीपत व संदीप उर्फ सोनू निवासी गोयला कलां झज्जर के तौर पर हुई। तभी से जिला अदालत में केस चल रहा था। सोमवार को जेएमआईसी हिमांशु आर्य की अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में सभी छह आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत से बाहर आए संत गोपाल दास ने कहा कि कहीं न कहीं यह मेरी ही असफलता है कि मैं उनके मन में गोमाता के प्रति प्रेम नहीं जगा पाया। उसने ही नहीं, बल्कि प्रदेश में बहुत से लोगों ने गोमाता की मांगों को लेकर संघर्ष किया है। सरकार को गोमाता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

बचाव पक्ष के वकील गुरु प्रसाद हुड्डा ने बताया कि केस में संत गोपालदास साढ़े पांच माह जेल में रहे। उन्होंने जमानत नहीं ली। सीआरपीसी की धारा 195 के तहत आईपीसी की धारा 332 व 353 के तहत दर्ज केस में आला अधिकारियों से लिखित अनुमति लेनी होती है, लेकिन केस में शिकायतकर्ता ने ऐसा नहीं किया। न ही हर तारीख पर आया, न ही जांच अधिकारी से पेशी से छूट के लिए अर्जी दी। ऐसे में साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने संत गोपालदास सहित सभी छह आरोपियों को बरी कर दिया।

## हरियाणा के सभी जिलों में अस्थि कलश यात्रा निकालेगी इनेलो, जानिए किस तरफ से निकलेगी यात्रा

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश के पांच बार मुख्यमंत्री रहे एवं इनेलो सुप्रीमो चौ. ओमप्रकाश चौटाला का अंतिम संस्कार शनिवार को तेजाखेड़ा फार्म पर किया गया। सोमवार को उनके पोत्र कर्ण चौटाला और अर्जुन चौटाला ने हरिद्वार जाकर रस्मों के अनुसार पूजा पाठ करवाया और पवित्र गंगा नदी में उनकी अस्थियां विसर्जित की। उनकी तेरहवीं पर 31 दिसंबर को गांव चौटाला में चौ. साहबराम स्टेडियम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने बताया कि प्रदेश के लोग जो किन्हीं कारणों से चौटाला साहब के अंतिम संस्कार पर नहीं पहुंच पाए थे, उनकी भावनाओं को देखते हुए सभी 22 जिलों में अस्थि कलश यात्रा निकाली जाएगी ताकि लोग चौटाला साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें। सभी 22 जिलों के लिए 22 कलश तैयार किए गए हैं जिनमें चौटाला साहब की अस्थियां होंगी जिसे सभी 22 जिलों में पानी में विसर्जित किया जाएगा।

यह कलश यात्रा 27 दिसंबर को फतेहाबाद से शुरू होगी और हिसार, भिवानी, दादरी, महेंद्रगढ़ (नारनौल) होते हुए रेवाड़ी पहुंचेगी। 28 दिसंबर को गुरुग्राम से शुरू होगी और फरीदाबाद, पलवल, मेवात, झज्जर, रोहतक होते हुए सोनीपत पहुंचेगी। 29 दिसंबर को पानीपत से शुरू होगी और जींद, कैथल, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचेगी।

**इन राज्यों के तीर्थ स्थलों पर विसर्जित की जाएंगी अस्थियां**

उन्होंने बताया कि स्वर्गीय चौ. ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा के ही नहीं बल्कि राजस्थान और पंजाब समेत यूपी के किसानों से जुड़े रहे थे। जिस कारण वहां के किसानों ने इच्छा जाहिर की है कि उनकी अस्थियां राजस्थान, पंजाब और यूपी के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर ले जाकर पानी में विसर्जित की जाए। 31 दिसंबर को श्रद्धांजलि सभा के बाद पुष्कर, आनंदपुर साहिब और प्रयागराज में स्वर्गीय चौ. ओमप्रकाश चौटाला की



अस्थियां पानी में विसर्जित की जाएंगी। इसके लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इस कलश यात्रा में उनके साथ अदित्य देवीलाल, कर्ण चौटाला और अर्जुन चौटाला साथ रहेंगे।

## 'डल्लेवाल की बिगड़ रही हालत, सरकार के लिए बनेगी परेशनाी'; 26 तारीख के लिए फिर हुआ ये ऐलान

अंबाला। खनौरी बॉर्डर पर सोमवार को 28वें दिन भी किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन जारी रहा। इस दौरान चिकित्सकों की रिपोर्ट में सामने आया कि उनके शरीर में जो क्षति हो रही है, उसकी भरपाई करनी मुश्किल होगी। इसके अलावा बारिश के कारण मोर्चे पर खड़ी ट्रॉलियों में पानी टपक रहा है, लेकिन किसान मजबूती से डटे हुए हैं। आज शाम साढ़े पांच बजे देशभर में जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन के समर्थन में कैंडल मार्च किया जाएगा। 26 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक जिला और तहसील स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सैलजा ने कहा कि सरकार ने दो साल पहले एमएसपी को कानूनी दर्जा देने का वादा किया था। डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठे हैं, लेकिन सरकार के पास उनसे बातचीत करने का समय नहीं है। हरियाणा-पंजाब बॉर्डर पर क्या हो रहा है, सब देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीएपी खाद का संकट जारी रहा। ऊपर से उसकी कीमतें और बढ़ा दी गईं। किसानों को समय पर बीज भी नहीं मिल रहा है। प्राइवेट बीज कंपनियों पर सरकार का कोई अंकुश नहीं है, जो किसानों को लूटने में लगे हुए हैं।



## विधायक मां के साथ सांसद कार्तिकेय शर्मा ने की मनसा देवी की पूजा, श्राइन बोर्ड के अधिकारियों की ली बैठक

**चंडीगढ़।** हरियाणा से राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कालका से अपनी विधायक मां शक्ति रानी शर्मा के साथ पंचकूला में माता मनसा देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश और देश वासियों के कल्याण की कामना की। माता मनसा देवी के दर्शन करने के बाद कार्तिकेय शर्मा और शक्ति रानी शर्मा ने श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रसिद्ध काली माता मंदिर की पार्किंग और जीर्णोद्धार को लेकर चर्चा की। बता दें कि शक्ति रानी शर्मा के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कार्तिकेय शर्मा ने कहा था कि उनकी माता के विधायक बनने के बाद कालका के लोगों को विधायक के साथ एक सांसद भी मिलेगा। इसी को लेकर वह शक्ति रानी शर्मा की जीत के बाद से ही उनके विधानसभा क्षेत्र कालका में सक्रिय है। कार्तिकेय लगातार अपनी मां शक्तिरानी शर्मा के साथ मिलकर इलाके के विकास के लिए योजनाएं बनाने के अलावा अधिकारियों के साथ भी मंत्रणा करते रहते हैं। इसी को लेकर अब उन्होंने काली माता मंदिर की पार्किंग और जीर्णोद्धार को लेकर मीटिंग की है।

**जनहितैषी योजनाओं को क्रियांवित कर रही सरकार**

इस दौरान राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार जनहितैषी योजनाओं को लागू कर उन्हें क्रियांवित करने में लगी हुई है। सरकार की ओर से किसानों के हित में कई फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाण सरकार लगातार हर वर्ग का कल्याण करने में लगी है। अब सरकार की ओर से प्रदेश के बेघर गरीब परिवार को मकान मुहैया करवाने की मुहिम शुरू की गई है। इसके अलावा गौसेवा के लिए अनुदान की राशि भी सरकार की ओर से बढ़ाई गई है।

**किसानों की सभी फसलें MSP पर खरीद की गारंटी**

बीजेपी विधायक शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां किसान की हर फसल को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से इसे लेकर नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। शर्मा ने कहा कि हालांकि 24 फसलों में कईं फसलें हरियाणा में नहीं उगाई जाती, लेकिन जब भी प्रदेश में उन्हें लगाने का काम किया जाएगा, सरकार की ओर से उसे भी एमएसपी पर खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में किसान को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं है। सरकार की ओर से हर वर्ग को ध्यान में रखकर उसके विकास की योजना बनाई जा रही है।

# भारत में खतरनाक तरीके से बढ़ रहे हैं अवैध ऑनलाइन बेटिंग के विज्ञापन, 2024-25 की पहली छमाही में 29 प्रतिशत रही हिस्सेदारी

**चंडीगढ़।** भारत में अवैध बेटिंग प्लेटफॉर्म्स का प्रसार चिंता का कारण बनता जा रहा है। ये अवैध प्लेटफॉर्म्स तरह-तरह के लुभावने विज्ञापनों के माध्यम से यूजर्स को निशाना बना रहे हैं। इनके विज्ञापन आमतौर पर सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, बिलबोर्ड्स और यहां तक कि सार्वजनिक परिवहन के साधनों पर भी दिखाई देते हैं।

ये विज्ञापन यूजर्स को बड़े वित्तीय फायदे का लालच देते हैं। एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में विज्ञापन के नियमों के उल्लंघन में योलो247, विनबज, मोस्टबेट7, 1एक्सबेट, डाफाबेट, लोटस365 व अन्य जैसे अवैध बेटिंग प्लेटफॉर्म्स के विज्ञापनों की 29 प्रतिशत हिस्सेदारी रही थी। ऐसे विज्ञापन यूजर्स को अनधिकृत एवं बिना नियमन वाले प्लेटफॉर्म्स की ओर ले जाते हैं, जो स्पष्ट रूप से उनके लिए खतरे की आशंका को बढ़ाता है।

भारत में अवैध गैंबलिंग एवं बेटिंग बाजार में सालाना करीब 100 अरब डॉलर के डिपोजिट का अनुमान है।[2] इससे मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी गतिविधियों की फंडिंग को लेकर चिंता बढ़ी है। यह सिर्फ कानूनी या आर्थिक पहलू नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय भी है। अवैध विदेशी ऑपरेटर्स के प्रसार से घरेलू रियल मनी गेमिंग इंडस्ट्री को भी कई बार गैंबलिंग की तरह समझा जाने लगता है, जिससे घरेलू उद्यमियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है।

अवैध बेटिंग के प्रमोशन पर रोक के लिए लगातार निगरानी करने और सक्रिय नियामकीय कदम उठाने की जरूरत है। इस मामले में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) सक्रियता से कदम उठा रहा है और टीवी एवं समाचार पत्रों में इनके विज्ञापन पूरी तरह से प्रतिबंधित किए गए हैं। हालांकि, ऑनलाइन विज्ञापन, विशेषरूप से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को लेकर कोई नियमन नहीं है। गूगल, फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब जैसे वेबसाइट्स एवं इंटरमीडियरीज अवैध बेटिंग प्लेटफॉर्म्स के लिए यूजर्स को आकर्षित करने के बहुत अच्छे विकल्प बनकर सामने आए हैं।

सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स इन प्लेटफॉर्म्स को प्रमोट करते हैं। उनके वीडियो एवं पोस्ट में दिखने वाले बेटिंग टिकर्स यूजर्स को विदेशी बेटिंग पोर्टल्स पर ले जाते हैं, जिससे समस्या बढ़ जाती है। ये विज्ञापन न केवल यूजर्स को हाई-रिस्क वाले और बिना नियमन वाले प्लेटफॉर्म्स की ओर ले जाते हैं, बल्कि वैध ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को भी नुकसान पहुंचाते हैं। इनके कारण घरेलू वैध ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स और अवैध विदेशी बेटिंग प्लेटफॉर्म्स के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है।

अवैध प्लेटफॉर्म्स देश के बढ़ते डिजिटल यूजर बेस में सेंध न लगा सकें, यह सुनिश्चित



करने के लिए जरूरी है कि केंद्रीय स्तर पर मानक नियामकीय फ्रेमवर्क बनाया जाए। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस तरह के फ्रेमवर्क का प्रस्ताव तैयार किया है। इससे वैध ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म और अवैध बेटिंग प्लेटफॉर्म्स के बीच स्पष्ट रूप से अंतर किया जा सकेगा। इसके तहत वैध ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए जाएंगे, जिससे यूजर्स के हितों की रक्षा के साथ-साथ नियमों का अनुपालन भी सुनिश्चित होगा। मजबूत नियामकीय व्यवस्था से प्रवर्तन भी बेहतर होगा और विज्ञापन संबंधी उल्लंघनों को लेकर जरूरी स्पष्टता एवं एकरूपता भी आएगी।

## भागवत विदुषी ब्रज रत्न वंदनाश्री 25 दिसंबर से कहेंगी श्रीमद्भागवत कथा



**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी) जैंत(वृन्दावन)।** रामताल रोड़ स्थित चंद्रिका ग्रीन रिसोर्ट में ब्रज लोक संस्कृति एवं सेवा संस्थान,मथुरा के तत्वावधान में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत लीला महोत्सव दिनांक 25 से 31 दिसंबर 2024 पर्यंत अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।
जानकारी देते हुए महोत्सव के संयोजक पण्डित दीपक शर्मा ने बताया है कि इस सप्त दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ के 25 दिसंबर को प्रातः निकलने वाली श्रीमद्भागवत की भव्य शोभायात्रा के साथ होगा।तत्पश्चात व्यास पीठ से प्रख्यात भागवत विदुषी ब्रज रत्न वंदनाश्री अपनी सुमधुर वाणी में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सभी भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा श्रवण कराएंगी। श्रीमद्भागवत की कथा के अलावा भागवतजी की पौराणिक और अलौकिक लीलाओं का दृश्यात्मक व संगीतमय मंचन समूचे देश में पहली बार होगा।ये एक ऐतिहासिक आयोजन है। ब्रज लोक संस्कृति एवं सेवा संस्थान,मथुरा के संरक्षक पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया, प्रेम चंद्र गोयल, राम प्रकाश- निर्मला देवी वाजपेई, श्रीमती अनुराधा वाजपेई (राधा दीदी), देवेश कृष्ण (राम), अथर्व कृष्ण (राम), दिनेश-रश्मि अग्रवाल (दिनू साड़ी वाले,मथुरा), इंजीनियर प्रेम सिंह, प्रमोद गुप्ता (दिल्ली) एवं चंद्रवान-किशोरी देवी अग्रवाल आदि ने सभी से इस महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## वीर बालक दिवस पर विधायक ने गुरूद्वारे में दी श्रद्धाजंलि



**पोषित कुमार(आज का मुद्दा) अनूपशहरः** अनूपशहर के मोहल्ला मदार गेट स्थित ऐतहासिक गुरूद्वारा में वीर बालक दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा मुख्य अतिथि रहे। गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्र बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहीदी की स्मृति में वीरबालदिवस पर गुरूवाणी का पाठ किया गया तथा वीर बालकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। विधायक संजय शर्मा ने कहा कि देश धर्म पर अडिग वीर बालक जोरावर सिंह व फतेहसिंह ने दीवार में चिनना पसंद किया लेकिन धर्म बदलने से इंकार कर दिया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री संजय गूर्जर, टेकचंद सैनी, अभय गर्ग, दीपांश गर्ग, मंडल अध्यक्ष मुनेश शर्मा, मनीष जोशी,सरदार मनजीत सिंह, सरदार अंकुर, ज्ञानी गुरमुख सिंह, भूपसिंह आदि रहे। संगोष्ठी में धर्म की रक्षा के लिए सिख धर्म गुरुओं के बलिदान और संघर्ष की चर्चा की गई।

## वाह रे विद्युत विभाग! लकड़ी के बम्बू के सहारे हो रही विद्युत आपूर्ति

**आज का मुद्दा (अमित कुमार) खानपुर :-** क्षेत्र के अमरपुर मुख्य चौराहे पर लकड़ी के बम्बू के सहारे निर्बाध विद्युत आपूर्ति विभाग द्वारा किया जा रहा है। बिजली विभाग की लापरवाही कभी भी जनता पर भारी पड़ सकती है। विद्युत विभाग के अजब गजब कारनामे आए दिन सामने आते रहते हैं ऐसा ही कारनामा क्षेत्र के अमरपुर मुख्य चौराहे का है, विद्युत विभाग के लापरवाह कर्मचारियों द्वारा सड़क के समीप विद्युत लाइन को लकड़ी के बम्बू लकड़ी के बम्बू के सहारे निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो रही है। जिस कारण हादसे का खतरा बना हुआ है। विद्युत लाइन सड़क के ऊपर से गुजरती हुई खेतों में होकर कस्बे और गांव तक जाती है। कई माह से विद्युत लाइन लकड़ी के बम्बू पर ही टंगी हुई है। विद्युत लाइन के नीचे से रोजाना दर्जनों स्कूल के वाहन, गन्ने से लदे ट्रक,बस व अन्य सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। जरा से हवा के झोंके से लकड़ी का बम्बू व हवा में झूलते तार नीचे गिर सकते है। जिस कारण विद्युत लाइन गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में रघुनाथपुर जेई आदेश शर्मा का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। टीम भेज कर जांच कराई जाएगी ।



## बैंक के चार बड़े बकायेदारो के विरुद्ध हुई कुर्की की कार्रवाई



**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा**
कैसरगंज/बहराइच आर्यावर्त शाखा रसूलाबाद के चार बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है। नीलामी के लिए खेत में लाल झंडी लगा दी गई है। कैसरगंज तहसील के नायब तहसीलदार पीपी गिरी मंगलवार को बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश चंद्र चौधरी ,शाखा प्रबंधक अभिषेक सिंह, अमीन विजय शंकर वर्मा, अबू बकर, क्षेत्रीय लेखपाल संजीव बकायेदारों के यहां पहुंचे। उन्होंने नीलामी के लिए खेत में झंडी लगवाई गई। नायब तहसीलदार पीपी गिरी ने बताया कि आर्यावर्त बैंक के बकायेदार बलराम बाबू निवासी दिकौली कला, किशन प्रसाद निवासी इस्लामाबाद, जगन्नाथ निवासी गौसपुर,दिनेश सिंह निवासी अरई उमरी के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही की गयी है। नायब तहसीलदार ने बताया की बकायेदारों को 21 दिन का समय दिया गया है। 21 दिन के बाद डुग्गी मुनादी करवाकर आरसी प्रपत्र 43 के तहत नीलामी की कार्यवाही की जाएगी।

## मासूम के साथ छेड़छाड़, दुष्कर्म की कोशिश

आज का मुद्दा (अमित कुमार) खानपुर :- थाना क्षेत्र के एक गांव में छः वर्षीय मासूम बच्ची के साथ पड़ोसी ने गुप्तांग से छेड़छाड़ की। साथ ही दुष्कर्म की कोशिश भी की गई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपित को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रविवार देर शाम उनकी छः वर्षीय मासूम पुत्री घर के बाहर शौच करने गयी थी। इस दौरान वह अचानक गायब हो गई। कुछ देर बाद स्वजन को जानकारी हुई कि उनकी पुत्री को गांव का ही रहने वाला आरोपित युवक रूपेन्द्र पुत्र धर्मपाल अपने साथ एक जगह ले गया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई निमार्णाधीन परियोजनाओं की बैठक

**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा**
**बहराइच 24 दिसम्बर।** रू. 50 लाख से अधिक व कम लागत की निमार्णाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्माण कार्य में स्वास्थ्य विभाग, माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था पैक्सफेड द्वारा किसी अधिकारी के प्रतिभाग न करने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं तथा प्रशासकीय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समीक्षा में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।
डीएम ने सभी प्रशासकीय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग अन्तर्गत चल रहे निमार्णाधीन प्रोजेक्ट्स का प्रतिमाह कम से कम 02 बार निरीक्षण करें। निरीक्षण में निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति, टेक्निकल प्रोविजंस के अनुरूप कार्य की प्रगति तथा निर्धारित मानकों आदि का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही सभी अधिकारी स्वयं द्वारा किए गए निरीक्षण की लिखित आख्या भी प्रस्तुत करें। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि निरीक्षण आख्या में प्रथम दृष्टया सब ठीक पाया गया लिखने के बजाय विस्तृत रिपोर्ट तथा अपने निरीक्षण से सम्बन्धित भ्रमण कार्यक्रम भेजें। कार्यदायी संस्थाओं



को टेक्निकल कमेटी बनाये जाने के भी निर्देश दिये गये। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत कराएं जाने वाले कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाय। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि 51 राजकीय विद्यालयों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराएं। यूपी सिडको को निर्देश दिया गया कि नीति आयोग अन्तर्गत संचालित कार्यों शीघ्रता के साथ पूरा किया जाय। पर्यटन सूचना अधिकारी द्वारा कार्य स्थलों का निरीक्षण न करने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित को नोटिस जारी करने तथा गुल्लाबीर मन्दिर में पूर्ण हो चुके कार्य की तत्काल हैण्डओवर की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।
कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं अन्य पूर्ण परियोजनाओं का क्षेत्रीय मा. सांसद, विधायक से उद्घाटन कराएं जाने के निर्देश दिये गये। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि गत वर्षो की लम्बित परियोजनाओं को अविलम्ब पूर्ण कराया जाय। डीएम ने कहा कि आगामी बैठक में कार्यदायी संस्थाओं, प्रशासकीय विभागों तथा तकनीकी कमेटी के सदस्यों को भी बुलाया जाय। जल निगम (शहरी) को निर्देश दिये गये कि नगर पालिका बहराइच में कार्यालय खोलें एवं एक-एक सहायक अभियन्ता और अवर अभियन्ता की नियुक्ति करें जो प्रत्येक कार्य दिवस में उपस्थित रहकर जल निगम की परियोजनाओं का पर्यवेक्षण करें और लम्बित कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये। सीएलडीएफ एवं सिडको द्वारा कराये जा रहे कार्यो की धीमी प्रगति पर डीएम द्वारा कड़ा असंतोष व्यक्त किया गया।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, सीएमएस डॉ. एम.एम. त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाए एवं निर्माण कार्य से सम्बन्धित प्रशासकीय विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बाबा साहेब पर अपमानजनक टिप्पणी को बर्दाशत नहीं", अमित शाह के विरोध में बुलंदशहर में सड़कों पर उतरी बसपा भीम आर्मी (ज0भी0), कलेक्ट्रेट गेट पर किया विरोध प्रदर्शन

**आज का मुददा बुलंदशहर (त्रिलोक चन्द) :** गृहमंत्री अमित शाह के लोकसभा में बाबासाहब अंबेडकर पर आपत्तिजनक को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर भी आ गए। बसपा कार्यकताओं ने गृहमंत्री के बयान को शर्मनाक बताते हुए इसे डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान का अपमान भी बताया कलेक्ट्रेट गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रेषित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। सतीश सागर पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान उनके निर्मित संविधान का अपमान है यह देश नहीं सहेगा। ऐसी अपमानजनक टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बसपा जिलाध्यक्ष कमल रजन ने कहा कि देश के गृहमंत्री ने राज्यसभा में बाबा भीमराव अंबेडकर के ऊपर अभद्र टिप्पणी की थी उनकी इस अभद्र टिप्पणी को बाबा साहब के अनुयायी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगे बाबा साहब के अनुयायी में बड़ा गुस्सा व्याप्त है बहुत दुखित है गृहमंत्री अमित शाह ने बहुजन समाज के भगवान का अपमान किया है उन्हें माफी मांगनी चाहिए और पश्चाताप भी करना चाहिए। दयाराम सैन पूर्व मंत्री ने कहा कि गृह मंत्री के द्वारा जो टिप्पणी भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की गई है उसको देश किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं कर पा रहा है क्योंकि क्योंकि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर देश के संविधान निमार्ता है और देश के वंचित और शोषित और पीड़ित उपेक्षित मजलूमों के मसीहा अर्थात असली भगवान बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर हैं इसलिए देश उनका अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। राजेंद्र कुमार गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष व मेरठ मण्डल प्रभारी ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के कथन पर अगर गंभीरता से कार्रवाई नहीं की गई तो यह आंदोलन अंतरराष्ट्रीय आंदोलन में बन



सकता है। इसलिए गृहमंत्री को या तो माफी मांगनी चाहिए या अपने शब्द वापस लेने चाहिए। यदि केंद्र सरकार अगर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को सम्मान देना चाहती है तो इस प्रकरण में कार्रवाई करें। गृहमंत्री अपने पद से इस्तीफा दें और सरकार द्वारा उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाए। त्रिलोक चन्द निवर्तमान प्रदेश सचिव भीम आर्मी जय भीम भाजपा शासन में आजादी के बाद यह अपमान देश कभी भी नहीं भूल पाएगा क्योंकि जिस प्रकार से टिप्पणी की गई है यह बहुत ही निंदनीय है क्योंकि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर किसी भगवान से काम नहीं है वह भारत देश में ही नहीं पूरी दुनिया में उनकी ऐसी विचारधारा है सामान्य बंधुत्व स्वतंत्रता सबको रोटी कपड़ा और मकान सभी जाति धर्म पंथ के लोगों को एक सूत्र में बंधने वाले बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ही हैं इसलिए उन पर कुछ भी कहना देश व विदेश के लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। प्रदर्शन में प्रदीप कुमार अशोक एडवोकेट, कपिल गौतम एडवोकेट, मनोज गौतम, राजेश कुमार, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र, कालू गौतम, सीताराम गौतम, शिकारपुर नगर पालिका निवर्तमान चेयरपर्सन फूलवती राणा, सत्येंद्र गौतम, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी प्रदीप गौतम सहित सैकड़ो की तादात में बसपा कार्यकर्ता वह पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला आयोग की सदस्य ने सीएचसी रिसिया का किया निरीक्षण





**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा बहराइच 24 दिसम्बर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अंजू प्रजापति ने महिला जनसुनवाई के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रिसिया का निरीक्षण कर अस्पताल भवन व परिसर की साफ-सफाई, चिकित्सालय की ओर से मरीजों व उनके तीमारदारों को उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं इत्यादि के बारे जानकारी प्राप्त की। सीएचसी पहुंचकर श्रीमती प्रजापति ने ओपीडी, लेवर रूम, पैथालोजी, वार्ड, रसोई घर, औषधि कक्ष व अधीक्षक कक्ष का निरीक्षण कर चिकित्सकों व पैरा मिडिकल स्टाफ की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय समस्त चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित मिला। ओ.पी.डी. के बारे में जानकारी करने पर अधीक्षक डॉ. प्रत्युष सिंह ने बताया कि अब तक 182 मरीजों का पंजीकरण हुआ है। आईपीडी के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि वर्तमान 12 मरीज भर्ती हैं। सदस्य श्रीमती प्रजापति ने वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से चिकित्सालय की व्यवस्थाओं तथा भोजन की गुणवत्ता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। भोजन के बारे में पाया गया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार मरीजों को भोजन परोसा गया है। मरीजों व उनके साथ मौजूद तीमारदारों ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए यह भी बताया कि सारी दवायें चिकित्सालय से ही दी जा रही हैं।
महिला आयोग की सदस्य ने अधीक्षक डॉ. सिंह को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले मरीजों को शासन की मंशानुरूप सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। शरद ऋतु को देखते हुए सदस्य ने अधीक्षक को परिसर में अलाव की व्यवस्था करने तथा चिकित्सालय भवन व परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार, महिला थानाध्यक्ष मंजू यादव, चिकित्सक डॉ. मिथलेश कुमार, डॉ. आर.पी. राठौर, डॉ. अफजालव डॉ. आसिफ तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## वैश्विक संकटों से रोजाना विस्थापित होते हैं 34 हजार लोग:कपूर

**पंचकूला, 25 दिसम्बर -(शशि किरण अरोड़ा) -- आज का मुद्दा**--देश में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश में वर्ष 1949 से कार्य कर रहे अग्रणी संगठन फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा यौन प्रजनन स्वास्थ्य के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय था यौन प्रजनन स्वास्थ्य के लिए न्यूनतम प्रारंभिक सेवा पैकेज (एमआईएसपी) और भारत में मानवीय संकट के दौरान एफपीए इंडिया के प्रयास।
शाखा के पूर्व अध्यक्ष विनोद कपूर ने कहा कि वैश्विक मानवीय संकट हर दिन प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन, सशस्त्र संघर्ष, महामारी और अन्य जटिल आपात स्थितियों के कारण लगभग 34,000 लोगों को विस्थापित करता है। संकट के दौरान महिलाओं और लड़कियों की प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता बनी रहती हैं। उन्होंने बताया कि संकटों से प्रभावित एक चौथाई लोग 15-49 वर्ष की महिलाएं और लड़कियां होती हैं। हर पांच में से एक महिला गर्भवती होने की संभावना होती है और हर पांच प्रसवों में से एक में जटिलताएं हो सकती हैं। इस तरह की परिस्थितियों में काम करने के लिए एफपीए इंडिया की भूमिका सराहनीय है। एफपीए इंडिया पंचकूला शाखा की चेयरपर्सन अनिता बतरा ने बताया कि प्राकृतिक आपदा व अन्य संकटों के दौरान यौन संचारित संक्रमणों और



एचआईवी के संक्रमण की दर भी बढ़ जाती है। किशोर भयभीत, तनावग्रस्त, ऊबे हुए या निष्क्रिय महसूस कर सकते हैं और वे ऐसे जोखिमपूर्ण परिस्थितियों का सामना कर सकते हैं जिनसे निपटने के लिए वह तैयार नहीं होते। बहुत कम उम्र के किशोर,विशेष रूप से लड़कियां, अपनी निर्भरता, शक्ति की कमी और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भागीदारी की कमी के कारण जोखिम में होती हैं। ऐसे समय में गोपनीय और सुरक्षित यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं के मार्गदर्शन तक पहुंच की तत्काल आवश्यकता होती है।
इस अवसर पर बोलते हुए एफपीए इंडिया के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि इसका उद्देश्य मातृ और नवजात मृत्यु दर को रोकना,यौन हिंसा का प्रबंधन करना और गर्भनिरोधक तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

## भटिंडा फिल्म फेस्टिवल 2024 में द लास्ट विश फिल्म को मिला बेस्ट क्रिटिक अवार्ड

**चंडीगढ़ : (राजकुमार)।** समाज को समर्पित द लास्ट विश फिल्म को बेस्ट क्रिटिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। एमएस एशियन एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म में बुजुर्ग दंपति के दर्द को दशार्या गया है जो कि समाज कुरीति पर एक गहरी चोट है। भटिंडा फिल्म फेस्टिवल 2024 फेस्टिवल में पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह बतौर मुख्य अतिथि एवं विधायक जसगीर सिंह, पंजाबी सिनेमा के दिग्गज कलाकार सरदार सोही और रुपिंदर रूपी बतौर विशेष अतिथि उपस्थित हुए। यह फिल्म फेस्टिवल शार्ट फिल्म और फीचर फिल्म कैटेगरी में बेहतरीन काम करने वालों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था। शार्ट फिल्म से लेकर फीचर फिल्म तक कुल 17 फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। फेस्टिवल में बॉलीवुड फिल्म द लास्ट विश को बेस्ट क्रिटिक का अवार्ड मिला। इस फिल्म के डायरेक्टर मयंक शर्मा और संजलि



सूरी को यह पुरस्कार पंजाबी सिनेमा के अभिनेता सरदार सोही और विधायक जसगीर सिंह ने दिया।
फिल्म के डायरेक्टर मयंक शर्मा और संजलि सूरी का कहना है कि यह एक सामाजिक फिल्म है, जिसमें आज के समाज का आईना दिखाया गया है। बदलते वक्त के साथ कैसे परिवार के बच्चों और बड़ों के बीच दूरियां आ जाती हैं, यह फिल्म इस बदलाव को बहुत खूबसूरती से दशार्ती है। यह फिल्म समाज में बच्चों और उनके माता-पिता के बीच एक खास उम्र के पड़ाव पर आने वाले बदलाव को बयां करती है।
द लास्ट विश फिल्म चंडीगढ़ के करतार आश्रय ट्रस्ट के ओल्ड एज होम में शूट की गई । फिल्म के मुख्य कलाकारों में गिरीश थापर, सुशांत पुजारी, नवीन कुमार, संजलि सूरी,मिहिरांश (चाइल्ड आर्टिस्ट और श्रुति गुप्ता शामिल थे, जिन्होंने अपने किरदारों को बखूबी निभाया। फिल्म एमएस एशियन एंटरटेनमेंट के प्रोडक्शन बैनर पर बनी है, जिसके निमार्ता अश्वनी तनेजा हैं, जबकि को-प्रोड्यूसर मयंक शर्मा और संजलि सूरी हैं। यह फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी ।

## महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ महिला जनसुनवाई दिवस

**ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा बहराइच 27 नवम्बर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग बहराइच के निरीक्षण भवन में आयोजित महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय, महिला थाना अध्यक्ष मंजू यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनाद राय सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।
महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति द्वारा थाना पयागपुर अन्तर्गत कृष्णानगर कालोनी निवासिनी श्रीमती रीतूका विश्वास पत्नी सुप्रेम विश्वास, थाना दरगाह शरीफ के ग्राम जौहरा पो. कटरा बहादुरगंज की श्रीमती नाजमा पत्नी खलील, थाना सुजौली



के ग्राम राजाराम टाण्डा निवासिनी श्रीमती प्रतिमा पत्नी शिवचन्दर व थाना कैसरगंज के ग्राम अचेहरा दा. हैदरपुर नौबस्ता निवासिनी श्रीमती यासमीन रिजवी पुत्री साकिर पत्नी शानू अली से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी थानों पर महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई प्राथमिकता पर की जाय ताकि उन्हें त्वरित गति से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर महिलाओं के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाय।

## नेहरू युवा केंद्र बुलंदशहर के तत्वावधान में विकास खण्ड जहांगीराबाद में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजनः

**सोनू कौशिक -आज का मुद्दा बुलंदशहर :** पहलाद स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मैदान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र बुलंदशहर के जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित जी के निर्देशन में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23 एवं 24 दिसंबर 2024 को किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना और उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना था। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल,कुश्ती,400 मीटर दौड़,बैडमिंटन व साइकिलिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिसमे पहलाद स्वरूप इंटर




कॉलेज के क्रीड़ा इंचार्ज, वरुण कुमार राणा रमाशंकर विपिन शर्मा ने साइकिलिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रिंसिपल योगेश सिसोदिया वे नगर पालिका परिषद जहांगीराबाद के चेयरमेन किशनपाल लोधी द्वारा कबड्डी, वॉलीबॉल,कुश्ती, 400 मीटर दौड़ , बैडमिंटन व साइकिलिंग प्रतियोगिताओं में विजय प्रतिभागी को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सचिन सेन ने किया, जो स्वयं एक उत्साही खेल प्रेमी हैं। कार्यक्रम में इंटर कॉलेज की क्रीड़ा इंचार्जने प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में मदद करते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार लाते हैं। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, जी ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों का शरीर को स्वस्थ रखने में अहम योगदान है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल प्रतिस्पधाओं में रूचि व अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास होता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेविका, लक्ष्मी देवी वे अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।
इस आयोजन ने यह साबित किया कि खेल न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास का भी अहम हिस्सा हैं, जो बच्चों के समग्र विकास में योगदान करते हैं।

# 23वी जनपदीय भारत स्काउट गाइड रैली का समापन समारोह आज गौतम बुद्ध बालक इंटर कॉलेज के प्रांगण सम्पन्न









**आज का मुद्दा-गौतमबुद्ध नगर :** 23वी जनपदीय भारत स्काउट गाइड रैली का समापन समारोह आज गौतम बुद्ध बालक इंटर कॉलेज के प्रांगण में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। सुरेंद्र कुमार डिप्टी कमांडेंट ऑफिसर 36 बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स मुख्य अतिथि के रूप में रहे। डॉक्टर सुबोध कुमार गुप्ता असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर स्काउट, मयंक शर्मा सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त, नूतन भाटी एम डी ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल, वंदना शर्मा प्रधानाचार्य ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा शर्मा प्रबंधक चेतराम शर्मा कन्या इंटर कॉलेज द्वारा कि गई। जिला मुख्य आयुक्त डॉ राकेश कुमार राठी, गाइड कमिश्नर देवकी चौधरी, जिला स्काउट कमिश्नर विजेंद्र सिंह जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिंह, जिला सचिव पुष्पेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य गौतम बुद्ध बालक इंटर कॉलेज राजीव राठी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। जनपद के विभिन्न स्कूलों से 48 स्काउट, गाइड, कब, बुलबुल की टीमों ने प्रतिभाग कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। वर्दी, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, प्राथमिक चिकित्सा तंबू निर्माण घाटे बंधन हस्तकला प्रदर्शनी स्किल और राम झांकी कैंप फायर आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद कुमार स्काउट मास्टर, विकास कुमार ट्रेनिंग काउंसलर , कविता कुमारी ट्रेनिंग काउंसलर, जयप्रकाश स्काउट मास्टर ,संजीव कुमार स्काउट मास्टर, विपिन हरित स्काउट मास्टर , संदीप कौशिक स्काउट मास्टर विजय पाल स्काउट मास्टर, परिणीता गुप्ता गाइड कैप्टन ,भारती श्रीवास्तव जिला बेसिक गाइड कैप्टन, ज्योतिर्मय पांडे जिला बेसिक स्काउट मास्टर, राजकुमार शर्मा स्काउट मास्टर ,रश्मि त्रिपाठी जिला बेसिक कब मास्टर, आरती कुलश्रेष्ठ बेसिक फ्लॉक लीडर का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन शिव कुमार जिला संगठन आयुक्त स्काउट, शेफाली गौतम जिला संगठन आयुक्त गाइड द्वारा किया गया। अंत में ध्वज उतारने के बाद राष्ट्रगान कर रैली का विधिवत समापन किया गया

## हमारी संस्कृति ही हमारी पहचानः पद्मश्री नलिनी - कमलिनी





**आज का मुद्दा**

-----------------

**नई दिल्ली।** राजधानी के लाजपत भवन ऑडिटोरियम में 8 वें इंटरनेशनल क्लासिकल डांस फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया। नृत्यांजली स्कूल ऑफ ओडिसी व फोक डांस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 200 कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इनमें कथक, कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम,कथकली, ओडिसी , मोहिनीअट्टम आदि जैसे विभिन्न कलाओं प्रस्तुतियों ने सदन को भारतीय संस्कृति व विरासत के रंग से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री नलिनी अस्थाना , पद्मश्री कमलिनी अस्थाना और वरिष्ठ पत्रकार व कवि अभिमन्यु पाण्डेय ' आदित्य' उपस्थित रहे।

इस दौरान नृत्यांजली के अध्यक्ष गुरु समारू मेहर ने सभी मेहमानों का स्वागत किया और सोविनियर का विमोचन किया।

इस अवसर पर पद्मश्री नलिनी-कमलिनी ने सभी कलाकारों की जमकर तारीफ की और कहा कि क्लासिकल डांस की विधा हमारी भारतीय संस्कृति की अनमोल विरासत है। ये अपने आप में एक पूजा है। इसे संजोकर रखना नई पीढ़ी की जिम्मेदारी है। वहीं अभिमन्यु पाण्डेय 'आदित्य' ने भी सभी प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की संवाहक ऐसी कलाओं के प्रति समाज की जिम्मेदारी है। आज इस विरासत को पूरा विश्व अपना रहा है। कार्यक्रम में सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। अंत में संस्था की पदाधिकारी बरूनी मेहर ने सभी का धन्यवाद किया।

## योग और व्यायाम भारतीय संस्कृति का पौराणिक हिस्साः श्रीचंद शर्मा








**आज का मुद्दा**-गाजियाबाद। योग और व्यायाम का भारतीय संस्कृति में पौराणिक महत्व है। सनातन काल से ही हमारे ऋषि मुनि योग साधना से शरीर को स्वस्थ रखते थे। स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ मस्तिक की पहचान है और स्वस्थ मस्तिष्क से स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी विधायक श्रीचंद शर्मा ने गाजियाबाद में ' बॉडी हंक्स' जिम के उद्घाटन समारोह के दौरान कहीं। बता दें कि मंगलवार को गाजियाबाद के लाल कुआं में डी आर कॉम्प्लेक्स , द्वितीय तल पर इस जिम का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस कार्यक्रम में सियासी और फिटनेस जगत के तमाम दिग्गज चेहरे पहुंचे। दावा है कि ये जिम दिल्ली एनसीआर का सबसे बड़ा जिम है, जिसका क्षेत्रफल दस हजार वर्ग फिट है। जिम की शुरूआत श्रीचंद शर्मा (एमएलसी) और जाने माने फिटनेस आइकॉन दीपक शर्मा (जेलर, तिहाड़) ने रिबन काट कर की। इस अवसर पर दीपक शर्मा ने कहा कि युवा नशे की बजाय यदि शरीर को स्वस्थ रखने पर देंगे और सही खान पान की आदत डालेंगे तो भविष्य सुनहरा होगा। यही नहीं उन्होंने इसे एक निरंतर और मेहनत व लगन की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि युवा जल्दी सुडौल बनने के चक्कर में दवाओं और स्टेरॉइड का इस्तेमाल करने लगते हैं , जो गलत है। सुडौल शरीर एक दिन में नहीं बनाया जा सकता। इस मौके पर पहुंचे मशहूर रेसलर राधे गुर्जर, फिटनेस आइकॉन विपिन गुर्जर, एमसी पंडित आदि ने युवाओं को जिम के टिप्स भी दिए और मौजूद फिटनेस प्रेमियों को पुरष्कृत भी किया। जिम डायरेक्टर मनीष शर्मा ने बताया कि 'बॉडी हंक्स' में वर्कआउट की अत्याधुनिक मशीनों की बड़ी श्रंखला है। यहां फिटनेस एक्सपर्ट्स के मार्गदर्शन में लोगों को फिट रहने का मौका मिलेगा। साथ ही, जिम में वेटलिफ्टिंग, कार्डियो, योगा और अन्य फिटनेस प्रोग्राम्स की सुविधाएं भी दी जाएंगी। कार्यक्रम में सीताराम शर्मा ( निदेशक, जिला सहकारी बैंक, गाजियाबाद),नरेश शर्मा (वरिष्ठ पत्रकार), राहुल पंडित (भाजपा जिला उपाध्यक्ष, गौतम बुद्ध नगर), अविनाश शर्मा, अर्जुन शर्मा, संजय भाटी पाली, और अजीत गुर्जर आदि लोगों ने शिरकत की।

## ठेकेदार द्वारा संविदा कर्मचारियों के साथ में हुई मारपीट मामले में जारचा पुलिस ने एनटीपीसी दादरी के उच्च अधिकारियों को भेजा नोटिस









**आज का मुद्दा-गौतमबुद्ध नगर :** जारचा थानांतर्गत एनटीपीसी चौकी के द्वारा संज्ञान में आया है कि एनटीपीसी के मेसर्स लक्ष्मी इंजीनियरिंग के ठेकेदार विजय कुमारओझा द्वारा दिनांक 7 जून 2024 को कार्यालय में घुसकर संविदाकर्मी विनोद कुमार पुत्र महिपाल सिंह के साथ मारपीट के मामले में विनोद कुमार की एफआईआर नही लिखी गयी थी।संविदाकर्मी विनोद कुमार ने बताया कि उल्टे दवंग ठेकेदार विजय कुमारओझा ने राजनीतिक पहुँच का दुरुपयोग कर विनोद कुमार और एनटीपीसी के जूनियर इंजीनियर पर झूठे मुकदमा दर्ज करवा दिया।

ठेकेदार विजय कुमार कुमार ओझा एवं उसके पुत्र अभय कुमार ओझा द्वारा एनटीपीसी मेकैनिकल वर्कशॉप कार्यालय में घुसकर विनोद कुमार के





साथ मारपीट किया एवं हेलमेट से सिर पर प्रहार किया।इस मारपीट की घटना के बाद विनोद कुमार ने एनटीपीसी दादरी के अस्पताल एवं राजकीय चिकित्सालय नोएडा में एमएलसी रिपोर्ट बनाकर पुलिस को दिया लेकिन दर-दर भटकने के बाद भी विनोद कुमार की एफआईआर नहीं लिखी गई तो पीड़ित संविदाकर्मी ने मुख्यमंत्री पोर्टल एफआईआर दर्ज करने की गुहार लगाई है। शिकायत की डीसीपी-2 नोएडा के निर्देश पर एनटीपीसी चौकी प्रभारी श्री तेजवीर सिंह ने एनटीपीसी दादरी के उच्च अधिकारियों प्रियरंजन कुमार अपर महाप्रबंधक,श्री गुलाम रब्बानी गौस उप महाप्रबंधक एवं श्री एस०सी०वर्मा उप महाप्रबंधक को नोटिस कर पूछताछ के लिए बुलाया है।लेकिन एनटीपीसी के तीनों उच्च अधिकारी अभी तक पुलिस के सामने प्रस्तुत नहीं हुए हैं।

इस संबंध में एनटीपीसी ठेका श्रमिक संघ एनटीपीसी दादरी के महामंत्री का कहना है कि ठेका श्रमिक विनोद कुमार पर ठेकेदार द्वारा कराये गए झूठे एफआईआर के मामले में एनटीपीसी प्रबंधन ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।ठेका श्रमिक के साथ कारखाने के अंदर कार्यालय में हुई मारपीट के लिए प्रबंधन जिम्मेदार है।एनटीपीसी प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा असहयोग के कारण ठेका श्रमिक एफआईआर दर्ज करवाने के लिए दर-दर भटक रहा है। यदि संविदा कर्मी के साथ एनटीपीसी प्रबंधन और पुलिस प्रशासन ने न्याय नहीं कर उनकी एफआईआर नहीं लिखी तो एनटीपीसी ठेका श्रमिक संघ एनटीपीसी दादरी में बड़ा आंदोलन करेगा।

## एसटीएफ ने एक लाख के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार



**आज का मुद्दा-नोएडा।** उत्तर प्रदेश और बिहार की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। दोनों राज्यों की एसटीएफ की संयुक्त टीम ने जेल से फरार एक लाख रुपये के इनामी धर्मवीर यादव को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ ने आरोपी को थाना बीटा-2 क्षेत्र के एनआरआई कट के पास से दोपहर 12:10 बजे दबोचा गया। यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक नवेंदु कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक केशव शांडिल्य की टीम ने मुखबिर की सूचना पर की।एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्रा ने बताया कि 35 वर्षीय धर्मवीर यादव बिहार के खगड़िया जिले के अलौली थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पूछताछ में उसने कई संगीन वारदातों का खुलासा किया। 2014 में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक ईंट भट्ठे के मुंशी आलोक का अपहरण किया था। 2016 में जमीनी विवाद में उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर राजेश यादव की हत्या कर दी। इस मामले में उसके पिता और भाई जेल जा चुके हैं। 2017 में हाजीपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहां से वह एक चालाकी भरी योजना के तहत फरार हो गया। जेल में उसने सीने में दर्द का बहाना बनाया और जब पुलिस उसे इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल ले जा रही थी, तब वह भाग निकला। इसके बाद वह अनमोल राय और अमित के नाम से दिल्ली-एनसीआर में छिप कर रह रहा था।एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्रा ने बताया कि बिहार पुलिस ने नवंबर 2024 में उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। धर्मवीर के खिलाफ अपहरण, हत्या, पुलिस पर हमला और आर्म्स एक्ट समेत कई संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे बिहार एसटीएफ के हवाले कर दिया गया है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्रा का कहना है कि यह गिरफ्तारी दोनों राज्यों की पुलिस के बीच बेहतर तालमेल का नतीजा है। इस तरह की संयुक्त कार्रवाइयां अंतर्राज्यीय अपराधियों पर अंकुश लगाने में मददगार साबित होंगी

# 14वें महाकौथिग का चौथा दिनः सुबह का सत्र रहा गढ़वाली-कुमाउनी कवि सम्मेलन के नाम

**आज का मुद्दा- नोएडा ।** नोएडा स्टेडियम में चले रहे 14वें महाकौथिग मेले के चौथे दिन सुबह का सत्र गढ़वाली-कुमाउनी कवि सम्मेलन तथा नाम रहा।इससे पहले चौथे दिन सुबह के सत्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के ACO सौम्य श्रीवास्तव और उनकी धर्मपत्नी सुरभि श्रीवास्तव ने रिबन काट कर किया। जिसके बाद विधिवत रूप से कवि सम्मेलन आयोजित की गयी। जिसके बाद विधिवत रूप से उत्तराखंड के कवियों द्वारा शानदार गढ़वाली-कुमाउनी कवि सम्मेलन किया गया। जिसमें कवियों द्वारा समाज के हर वर्ग को जागरूक करती हुई, पहाड़ की पीड़ा को व्यक्त करती हुई कविताओं का पाठ किया। कई कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से पहाड़ में बंद पड़े घरों को आबाद करने का आव्हान किया। युवा कवियत्री किरण पंत ने पलायन पर चोट करती एक सुंदर रचना "ऐजा लोगौं लौटी पहाड़ा.." से कवि सम्मेलन की शुरूआत की. उसके बाद वरिष्ठ कवि डॉक्टर पृथ्वी सिंह केदारखंडी ने उत्तराखंड राज्य के शहीद आंदोलनकारियों को समर्पित मार्मिक कविता अमर शहीदों नमन तुमते इसके अलावा अपने अपनी दूधबोली,गढ़वाली, कुमाऊनी, जौनसारी बोली को बचाने के लिए व भ्रष्टाचार पर भी चोट का आह्वाहन किया।

रघुवर दत्त शर्मा राघव की ने एक खूबसूरत कुमाऊंनी कविता का पाठ




किया।रमेश चंद्र घिल्डियाल जी ने समलौण बचपन की यादों को ताजा करती हुई एक खूबसूरत कविता का पाठ किया।जयपाल सिंह रावत छिपडू दा मेरी जुन्याली बांद मॉडर्न पत्नी पीड़ित पुरुष की दास्तां पर एक बेहतरनी कविता का पाठ किया।दिनेश ध्यानी जी ने अपने समाज की विसंगतियों पर चोट करती कविता सुनाई न्यूक्लियर परिवार पहली पसंद बनती जा रही है साथ ही चकबंदी पहाड़ मा खेती का दिन बोड़ी जंदा चकबंदी जु हवे जादी राजेंद्र भंडारी कुमाऊनी कविता पलायन पर कविता सुनाई।कुंज बिहारी मुंडेपी बचपन को याद करती हुई जन्मभूमि पर एक खुबसूरत कविता सुनाई।रमेश हितैषी की द्वारा चौहान दंपति को समर्पित कविता सुनाई धन्य छो तुमन शहर मा पहाड़ बसे बिहारी लाल जलंधरी ने उत्तराखंडी बोली भाषा पर कविता पाठ किया।भगवती प्रसाद जुयाल लायु छौ भाग वहीं बृजमोहन शर्मा वेदवाल ने संस्कृति संस्कारो के साथ अपने देवताओं का आह्वाहन किया व नई पीढ़ी पर कटाक्ष की।उदयराम राठी द्वारा महाकौथिग मेले के मनोरंजन पर कविता सुनाई गई। आज के मुख्य कवियों मे बृजमोहन शर्मा वेदवाल, दिनेश ध्यानी, रमेश घिल्डियाल, बिहारी लाल जालंधरी, पृथ्वी सिंह केदारखंडी, राजेंद्र भंडारी, भगवती जुयाल गढ़देशी, कुंजविहारी मुंडेपी, जयपाल सिंह रावत छिपडु, किरण पंत, रमेश हितैषी, रघुवर दत्त शर्मा "राघव" आदि रहे।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि बृजमोहन शर्मा वेदवाल तथा आयुषी जुयाल ने किया।वहीँ शाम के सत्र के उदघाट्न मे उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के आने की सूचना है।सुप्रसिद्ध लोक गायक गढ़रत्न नरेंद्र सिंह अपने सुपरहिट लोक गीतों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। वहीं इसके अलावा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवत मनराल द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका “वीर माधो सिंह भंडारी” की नृत्य नाटिका रहेगी.

## पार्टी में पिस्तौल लहराने का आरोपी गिरफ्तार

**आज का मुद्दा-नोएडा।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने जन्मदिन पार्टी में पिस्तौल लहरान्ने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर यह कार्रवाई की गई। आरोपी की पहचान बरेली निवासी आशुतोष गोले उर्फ रिंकू के रूप में हुई। पुलिस की ओर से आरोपी के हाथ में जो पिस्तौल थी, उसके लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है। आरोपी अपने दोस्त संदीप शर्मा की पिस्तौल पार्टी में लहरा रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संदीप शर्मा से भी पूछताछ की थी। पुलिस का दावा है कि वायरल वीडियो में आरोपी पिस्तौल को बस लहरा रहा था। उसने फायरिंग नहीं की थी। छह सेकेंड के वायरल वीडियो में यूजर ने नोएडा पुलिस के अधिकारियों को टैग कर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक युवक दो-तीन लोगों के साथ डांस कर रहा था। पीछे से गाने की आवाज आ रही है और युवक पिस्तौल लहराता हुआ दिखाई दे रहा था। वीडियो में युवक पिस्तौल सीधी कर फायरिंग करने का प्रयास करता दिख रहा था। जिस पार्टी में आरोपी ने पिस्तौल लहराई, वह उसके भाई की जन्मदिन पार्टी थी। वीडियो को सोशल मीडिया पर 100 से अधिक लोगों ने साझा किया था।





## दिल्ली -एनसीआर से मोबाइल चुराने वाले पांच नाबालिग गिरफ्तार

**आज का मुद्दा-नोएडा।** थाना फेज-दो पुलिस ने मंगलवार को साप्ताहिक बाजार में खरीदारों के मोबाइल फोन चुराने वाले पांच नाबालिगों को पकड़ा। आरोपियों से 57 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अब तक 100 से अधिक वारदातें कर चुके हैं। उनके निशाने पर विशेषकर महिलाएं होती थीं। सेंट्रल जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पकड़े गए नाबालिगों की उम्र 12 से 16 वर्ष के बीच है। सभी आरोपी बेहद कम पढ़े-लिखे हैं। उनसे पूछताछ में पता चला है कि वे एनसीआर के भीड़भाड़ वाले बाजारों, मंडियों और साप्ताहिक बाजारों में मौका पाकर लोगों के मोबाइल फोन चोरी कर लेते थे। वे साप्ताहिक बाजार में आने वाली महिला ग्राहकों को विशेषकर निशाना बनाते थे। वे ग्राहकों का ध्यान भंग होने का इंतजार करते थे और थोड़ी सी भी चूक होने पर मोबाइल लेकर गायब हो जाते थे। सभी आरोपी समूह में वारदात करते थे। मोबाइल चुराने के बाद पकड़े जाने की संभावना होने पर दूसरे साथी को मोबाइल फोन पकड़ा देते थे। सभी आरोपी बिना अभिभावक के ही जिले में आगमन करते और मकान मालिक को कोई भी झूठी कहानी बताकर टोकन मनी देकर किराये पर कमरा ले लेते थे। वे ठेले इत्यादि पर खाना खाते थे। पकड़े जाने के डर से वे एक जगह न रहकर निरंतर स्थान बदलते रहते थे। वे बढ़ी संख्या में मोबाइल फोन चोरी करने के बाद ट्रेन में बैठकर दूसरे राज्यों में सस्ते दामों पर उन्हें बेचने जाते थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों से चोरी के मोबाइल फोन खरीदने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। इसके अलावा गिरोह में कितने लोग शामिल हैं, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## अधिक रेट पर शराब बेचने पकड़े

**आज का मुद्दा-नोएडा।** आबकारी विभाग ने प्रिंट रेट से अधिक दाम पर शराब बेचने वाले दो और सेल्समैन को पकड़ा। उनके खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। दोनों ने शराब की बोतल पर प्रिंट रेट से 10 रुपये अधिक वसूले थे। आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर ने बताया कि सोमवार की रात टीम के साथ गोपनीय तरीके से प्रिंट रेट से अधिक दाम पर शराब बिक्री की जांच की गई। सूरजपुर स्थित शराब की दुकान पर ग्राहक को शराब की बोतल खरीदने के लिए भेजा गया। इस दौरान सेल्समैन हिमांशु जायसवाल ने एक बोतल पर 10 रुपये अधिक वसूले गए। टीम ने उसको पकड़ लिया। सूरजपुर स्थित शराब की दूसरी दुकान पर भी जांच की गई। यहां सेल्समैन राहुल ने शराब की बोतल पर 10 रुपये अधिक वसूले। टीम ने उसे भी पकड़ लिया। इन दोनों के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

## मकान से एसी और बिजली के तार चोरी

**आज का मुद्दा-नोएडा।** सेक्टर सिग्मा-2 स्थित एक मकान में चोरी का मामला सामने आया है। बदमाश घर से दो एसी और बिजली के तार समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बीटा दो कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जुनपत गांव के रहने वाले पंकज कुमार ने चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया है। पंकज ने पुलिस को बताया कि सिग्मा दो में उनका एक मकान है। इस मकान में पेंटर और इलेक्ट्रीशियन का काम कर रहे हैं। इसी बीच मकान से दो एसी और बिजली के कुछ तार चोरी कर लिए गए। पीड़ित सोमवार को मकान पर पहुंचा तो चोरी की घटना के बारे में पता चला। इसकी शिकायत तुरंत पुलिस से की गई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी के जरिए चोरों की पहचान का प्रयास कर रही है। चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।सेक्टर सिग्मा-2 स्थित एक मकान में चोरी का मामला सामने आया है। बदमाश घर से दो एसी और बिजली के तार समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बीटा दो कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जुनपत गांव के रहने वाले पंकज कुमार ने चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया है। पंकज ने पुलिस को बताया कि सिग्मा दो में उनका एक मकान है। इस मकान में पेंटर और इलेक्ट्रीशियन का काम कर रहे हैं। इसी बीच मकान से दो एसी और बिजली के कुछ तार चोरी कर लिए गए। पीड़ित सोमवार को मकान पर पहुंचा तो चोरी की घटना के बारे में पता चला। इसकी शिकायत तुरंत पुलिस से की गई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी के जरिए चोरों की पहचान का प्रयास कर रही है। चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## गैंगस्टर में वांछित लुटेरा गिरफ्तार

नोएडा।सूरजपुर पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान वीशू उर्फ बंटी त्यागी निवासी रोजा याकूबपुर ग्रेनो वेस्ट के रूप में हुई। वह अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर में लूटपाट करता था। पुलिस ने दो दिन पहले उसके एक साथी को गिरफ्तार किया था। एक सप्ताह पूर्व दोनों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट में कार्रवाई की गई थी। पुलिस इस गिरोह में शामिल फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है।

एल्विश यादव मामले में सुनवाई टली

नोएडा।सापों के जहर की तस्करी के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव की सोमवार को अदालत में तारीख थी। एल्विश यादव सुनवाई के लिए जिला न्यायालय नहीं पहुंचा। न्यायालय में अब दस जनवरी को सुनवाई होगी। नोएडा सेक्टर-49 थाने में पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था के पदाधिकारी गौरव गुप्ता ने एल्विश यादव और उसके साथियों पर सांपों के जहर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। एल्विश यादव के अधिवक्ता दीपक भाटी और प्रशांत राठी ने बताया कि एल्विश यादव की सोमवार को कोर्ट में सुनवाई थी। एल्विश यादव के कोर्ट नहीं आने पर सुनवाई नहीं हो सकी। अब दस जनवरी को सुनवाई होगी।